छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
जुलाई, 2023 सत्र

गुरुवार, दिनांक 20 जुलाई, 2023

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

<u>नांदघाट से बलौदाबाजार मार्ग निर्माण की लागत</u>
[लोक निर्माण]

1. (*क्र. 350) श्री शिवरतन शर्मा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बलौदाबाजार से नांदघाट सड़क मार्ग का निर्माण किस वर्ष में, कौन से मद से, कितनी लागत से हुआ है? इसकी निर्माण एजेंसी कौन थी ? उक्त मार्ग में परफारमेंस गारंटी हेतु कितनी राशि विभाग द्वारा रोकी गई थी तथा कितने वर्ष तक के लिये थी ? **(ख)** उक्त मार्ग में परफारमेंस गारंटी के दौरान कौन-कौन से किलोमीटर पर, कितनी-कितनी राशि का कार्य कराया गया है ? क्या उक्त मार्ग निर्माण की जांच विभाग द्वारा किसी अधिकृत संस्था से करायी गयी थी ? यदि हॉ, तो जांच रिपोर्ट में क्या था तथा दोषी व्यक्ति पर क्या कार्यवाही की गयी है ? बलौदाबाजार से नांदघाट मार्ग में कितने किलोमीटर तक की सड़क जर्जर है ? उक्त सड़क की वर्तमान स्थिति क्या है?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

<u>राजनांदगांव जिले के विभिन्न थानों में दर्ज प्रकरण पर कृत कार्यवाही</u>
[गृह]

2. (*क्र. 419) श्रीमती छन्नी चंदू साहू : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 -23 में 31 अगस्त 2022 तक राजनांदगांव जिले में तथा माह सितम्बर 2022 से 30 जून 2023 तक जिला मानपुर-मोहला-अंबागढ चौकी एवं खैरागढ-छुईखदान-गंडई के विभिन्न थानों में लिखित शिकायत/अभ्यावेदन के आधार पर कितने प्रकरण दर्ज किए गए हैं ? वर्ष वार, थाना वार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका "क" के अनुसार प्राप्त शिकायत/अभ्यावेदन के आधार पर क्या कार्यवाही की गई? वर्ष वार, थाना वार जानकारी प्रदान करें ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की वर्षवार, थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** एवं **प्रपत्र-''ब''** अनुसार है।**(ख)** वर्षवार, थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** एवं **प्रपत्र-''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत पुरानी एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत के नियम

[लोक निर्माण]

3. (*क्र. 371) श्री धर्मजीत सिंह : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लोक निर्माण विभाग अंतर्गत पुरानी एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत किए जाने के क्या नियम हैं तथा कितने वर्षों के अंतराल में मरम्मत के प्रावधान हैं ? विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" के नियमानुसार विधानसभा क्षेत्र लोरमी में विगत 03 वर्षों में कौन-कौन सी एवं पुरानी एवं जर्जर सड़कों में कितनी-कितनी लागत के मरम्मत के कार्य हुए हैं? विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "ख" के क्षेत्र में कौन-कौन सी सड़कें मरम्मत योग्य हैं एवं कौन-कौन सी सड़कें मरम्मत हेतु शासन स्तर पर लंबित हैं? विस्तृत विवरण देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) परफारमेंस अवधि में सड़कों का मरम्मत/सुधार अनुबंध द्वारा किया जाता है, तथा जो सड़कें पी.जी. अवधि में नहीं रहती उनका मरम्मत/संधारण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आबंटन की उपलब्धता अनुसार नियमानुसार कराया जाता है। 1. साधारण मरम्मत - उपलब्ध आबंटन अनुसार प्रतिवर्ष कराया जाता है, इसमें साधारण रखरखाव तथा पैचवर्क आता है। 2. सतह नवीनीकरण - प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल में यदि आबंटन उपलब्ध हो तो आवश्यक होने पर सतह नवीनीकरण कराये जाने का प्रावधान है। 3. विषेश मरम्मत - आवश्यकतानुसार उपलब्ध आबंटन के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त कर कराया जाता है। 4. मजबूतीकरण - आवश्यकतानुसार बजट में मजबूतीकरण हेतु प्रस्तावित कर स्वीकृति प्राप्त की जाती है, एवं स्वीकृति प्राप्त होने पर कार्य कराया जाता है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

रायपुर नगर निगम को विभिन्न मदों में प्राप्त राशि एवं कार्यों की वर्तमान स्थिति

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

4. (*क्र. 391) श्री बृजमोहन अग्रवाल : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर नगर निगम को 1 जनवरी, 2019 से 26 जून, 2023 तक राज्य शासन ने किन-किन कार्यों हेतु, कितनी-कितनी राशि उपलब्ध कराई है ? वित्तीय वर्षवार, विधानसभावार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' के वर्षों में स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की गई ? कितने कार्य पूर्ण हैं ? कितने कार्य अपूर्ण हैं ? वर्षवार जानकारी देवें ? **(ग)** क्या रायपुर नगर निगम को केन्द्रीय योजनाओं के तहत भी राशि प्राप्त हुई है? यदि हां, तो किन-किन योजनाओं के तहत कंडिका ''क'' के वर्षों में कितनी-कितनी राशि, किन-किन कार्यों के लिए प्राप्त हुई है ? **(घ)** कंडिका ''ग'' के कितने कार्य पूर्ण हुए हैं व कितने अपूर्ण हैं ? वित्तीय वर्षवार, कार्यवार जानकारी देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) से **(घ) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।**

बिलासपुर नगर निगम सीमा अंतर्गत अवैध प्लाटिंग और अवैध कालोनियों के विरूद्ध कृत कार्यवाही

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

5. (*क्र. 74) श्री शैलेश पांडे : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 1 जनवरी, 2021 से 30 जून, 2023 तक बिलासपुर नगर निगम सीमा में कितनी अवैध कालोनियों का निर्माण किया गया है? इन अवैध कालोनियों का निर्माण कब-कब हुआ है, जानकारी देवें। **(ख)** नगर निगम, बिलासपुर को उक्त इस अवधि में अवैध प्लाटिंग,जमीन कब्जा, बिना नक्शा के दुकान, मकान निर्माण की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? प्रत्येक शिकायतों पर की गई कार्रवाई की जानकारी देवें ? **(ग)** क्या कार्यवाही उपरांत भी उक्त स्थान पर निर्माण कार्य किया गया है? यदि हॉ तो यह किसकी जिम्मेदारी है और इस पर शासन द्वारा क्या कार्रवाई की जाएगी?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) 1 जनवरी 2021 से 30 जून 2023 तक बिलासपुर नगर निगम सीमा में कुल 216 अवैध कॉलोनियों का निर्माण सूचना/शिकायत प्राप्त हुआ है। अवैध कॉलोनियों का निर्माण की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''अनुसार है। (ख)** नगर निगम बिलासपुर को उक्त अवधि में अवैध प्लॉटिंग निर्माण की 66 शिकायत, जमीन कब्जा बिना नक्शा के दुकान, मकान निर्माण की 449 शिकायतें प्राप्त हुई है। शिकायतों पर की गई कार्यवाही की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब'' और प्रपत्र-''स''अनुसार है।(ग)** कार्यवाही उपरांत उक्त स्थान पर निर्माण कार्य नहीं किया गया है।

जिला कबीरधाम में श्रमिकों का पंजीयन

[श्रम]

6. (*क्र. 336) श्रीमती ममता चन्द्राकर : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि:- **(क)** वर्ष 2019 से जून, 2023 तक जिला कबीरधाम में श्रमिकों के पंजीयन हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं ? प्राप्त आवेदनों में कितने श्रमिकों का पंजीयन हो चुका है और कितने बाकी हैं और क्यों तथा कितने श्रमिकों को योजनाओं का लाभ मिला? बतायें? **(ख)** प्रश्न 'क' के अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में श्रमिकों के प्रशिक्षण हेतु जिले को कितनी आबंटन राशि प्राप्त हुई है ? कितने श्रमिकों को किन-किन कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया? प्राप्त आबंटन राशि का व्यय किन-किन कार्यों में, कितना-कितना किया गया ? कितनी राशि शेष है? जानकारी बतायें?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जिला कबीरधाम अंतर्गत वर्ष 2019 से 30 जून 2023 तक छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीयन हेतु प्राप्त 36,968 आवेदनों का निराकरण कर पात्र 28,302 निर्माण श्रमिक तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत पंजीयन हेतु प्राप्त 12,781 आवेदनों का निराकरण कर पात्र 7,305 असंगठित कर्मकार का पंजीयन किया गया है। उक्त दोनों मंडलों में लंबित आवेदन की जानकारी निरंक है।छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत श्रमिक पंजीयन हेतु आवेदन मंगाये जाने का प्रावधान नहीं है अपितु नियोजक द्वारा पोर्टल में ऑनलाइन श्रमिकों की जानकारी इंद्राज किये जाने पर श्रमिक स्वतः पंजीकृत हो जाते है। प्रश्नांकित अवधि में 315 संगठित श्रमिक पंजीकृत हुए है तथा लंबित की जानकारी निरंक है।प्रश्नांकित अवधि में छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत जिले में मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से 40275 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों व उनके परिवार के सदस्यों को तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत जिले में मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से 2236 पंजीकृत असंगठित कर्मकारों व उनके परिवार के सदस्यों को लाभांवित किया गया है। छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल द्वारा लाभांवित श्रमिकों की जानकारी निरंक है।**(ख)** प्रश्नांश 'क' के अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास एवं परिवार सशक्तिकरण योजना के तहत जिला कबीरधाम को राशि रूपये 72,45,980/- का आबंटन प्रदाय किया गया है।मंडल में संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास एवं परिवार सशक्तिकरण योजना अंतर्गत आर.पी.एल. प्रशिक्षण के तहत 210 निर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को राजमिस्त्री ट्रेड में प्रशिक्षण दिया गया है, जिस पर राशि रूपये 5,07,150/- व्यय हुई, जिसका भुगतान छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, रायपुर मुख्यालय से किया गया है। विवरण निम्नानुसार है:-

प्रशिक्षण शुल्क	परीक्षा शुल्क	मानदेय	योग
2,89,800	1,30,410	86,940	5,07,150

जिला कबीरधाम में मुख्यमंत्री कौशल विकास एवं परिवार सशक्तिकरण योजना मद में प्रश्नांकित अवधि को आबंटित राशि रूपये 72,45,980/- एवं पूर्व में शेष राशि रूपये 97,049/- इस प्रकार कुल राशि रूपये 73,43,029/- शेष है।

खाद्य निरीक्षकों के विरूद्ध जांच

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

7. (*क्र. 376) श्री रजनीश कुमार सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2020 से जून, 2023 तक खाद्य विभाग में खाद्य निरीक्षक एवं इससे उच्च पद पर पदस्थ किन-किन अधिकारियों को निलंबित/बर्खास्त, कब, क्यों व किसकी जांच के आधार पर किया गया है? अधिकारीवार एवं कारणवार जानकारी देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार निलंबित किन-किन अधिकारियों को कितने दिनों पश्चात् बहाल किया गया है व किन-किन को कितनी अवधि पश्चात् भी बहाल नही किया गया है? **(ग)** कंडिका ''क'' अनुसार अधिकारियों के संवर्ग में किन-किन अधिकारियों के विरूद्ध कब से, किस कारण विभागीय जांच, ईओडब्लू, एसीबी, लोक आयोग व केन्द्रीय एजेंसियों के द्वारा जांच की जा रही है? अधिकारीवार एवं एजेंसीवार जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) प्रश्नांक ''क'' की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांक ''ख'' की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है।**(ग)** प्रश्नांक ''ग'' की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

खाद्यान्न योजना में हुई अनियमितता पर कार्यवाही

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

8. (*क्र. 354) डॉ. रमन सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या माननीय मंत्री जी द्वारा विभाग के खाद्यान्न योजना में पूर्व में हुई अनियमितता के संबंध में 24 मार्च, 2023 तक रिपोर्ट आने के उपरांत जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था? इस संबंध में किन-किन अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई? विवरण प्रदान करें? **(ख)** प्रदेश की 13,333 दुकानों में से कितनी दुकानों में अनियमितता पाई गई एवं अनियमितता पाई गई दुकानों में विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) :(क) उचित मूल्य दुकानों के माह सितंबर 2022 के बचत स्टॉक के सत्यापन उपरांत स्टॉक वितरण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही का माननीय मंत्री जी द्वारा विधानसभा के बजट सत्र 2022-23 में आश्वासन दिया गया था। माह सितम्बर 2022 में उचित मूल्य दुकानों के बचत स्टॉक के सत्यापन के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में 34 याचिकाएं दायर हुई है, जिसमें अंतिम न्यायालयीन निर्णय उपरांत ही स्टॉक वितरण में नियमितता की सही मात्रा तथा इस हेतु दोषी व्यक्तियों की अंतिम संख्या का निर्धारण संभव हो सकेगा। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' की जानकारी के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खाद्यान्न व अन्य सामग्री वितरण में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

9. (*क्र. 416) श्री चंदन कश्यप : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के जिला नारायणपुर, बस्तर एवं कोण्डागांव में 01 जनवरी, 2021 से दिनांक 01 जून, 2023 तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न व अन्य सामग्री की अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई और इन शिकायतों पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई ? जिलेवार विस्तृत जानकारी देवें? **(ख)** अनियमितता के आधार पर कितने तथा कौन-कौन से राशन दुकानों को निरस्त किया गया और इन दुकानों को कहां-कहां संलग्न किया गया ?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) प्रश्नांकित अवधि में नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक

वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न व अन्य सामग्री की अनियमितता की जिला बस्तर में 06 तथा कोण्डागांव में 04 शिकायतें प्राप्त हुई । जिला नारायणपुर में उक्त अवधि में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अनियमितता की शिकायत एवं की गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** अनियमितता के आधार पर जिला बस्तर में 01 उचित मूल्य दुकान कुंगारपाल (गुमगा) तथा जिला कोण्डागांव में 01 उचित मूल्य की दुकान, रानापाल के आंबटन को निरस्त किया गया। निरस्त एवं निलंबित दुकानों के संलग्नीकरण एवं आबंटन की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ में सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति
[लोक निर्माण]

10. (*क्र. 430) श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020-21 से 2022 -23 तक विभाग द्वारा कहां-कहां पर, कितनी सड़कों एवं पुल-पुलियों के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है ? इनमें कितनी पूर्ण हो गई हैं एवं कितनी अपूर्ण हैं ? स्थान व नामवार स्वीकृत राशि सहित जानकारी प्रदान करें? **(ख)** बजट वर्ष 2021 -22 एवं 2022-23 में स्वीकृत कितने कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है एवं कितने की प्रशासकीय स्वीकृति किया जाना शेष है ? शेष कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति कब तक प्रदान कर दी जाएगी ? कृपया जानकारी प्रदान करने का कष्ट करेंगे ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- 'अ' अनुसार है। (ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- 'ब' अनुसार है।

रायगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 49 हेतु भू-अर्जन एवं मुआवजा
[लोक निर्माण]

11. (*क्र. 68) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 49 हेतु रेंगालपाली से खरसिया विकासखण्ड तक भू-अर्जन के लिए कुल कितनी भूमि अधिग्रहित की गई है ? ग्रामवार, खसरावार, भू-स्वामी का नाम एवं मुआवजा की जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** क्या राष्ट्रीय राजमार्ग 49 के निर्माण हेतु भू-अर्जन के लिए राजपत्र का प्रकाशन फोरलेन के लिए हुआ था ? क्या राजपत्र प्रकाशन अनुरूप ही भू-अर्जन किया गया है ? **(ग)** क्या राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिग्रहण में कोई पात्र भूमि स्वामी मुआवजा से आज पर्यन्त तक वंचित है अथवा छूटा हुआ है ? यदि हां, तो कारण सहित विस्तृत जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) कुल रकबा 145.835 हे. भूमि अधिग्रहित की गई है। ग्रामवार, खसरावार, भू-स्वामी का नाम एवं मुआवजा की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जी हाँ, राष्ट्रीय राजमार्ग 49 के निर्माण हेतु भू-अर्जन के लिये राजपत्र का प्रकाशन फोरलेन/टू-लेन के लिये हुआ था।जी हाँ, राजपत्र प्रकाशन अनुरूप ही भू-अर्जन किया गया है। **(ग)** जी हाँ, 33 कृषकों का प्रकरण न्यायालय में लंबित होने के कारण मुआवजा से वंचित है। विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

पीडीएस के तहत संचालित दुकानों द्वारा अनाज/शक्कर का आबंटन
[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

12. (*क्र. 213) श्री धरम लाल कौशिक (डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी) : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** ता.प्रश्न सं.03 (क्रमांक 844), दिनांक 17 मार्च, 2023 को मंत्री जी के द्वारा सदन में 24 मार्च, 2023 तक परीक्षण करने की अंतिम तिथि घोषित की गई थी? यदि हॉ, तो क्या घोषणा के अनुरूप परीक्षण/जांच पूर्ण हो गई है तथा परीक्षण/जांच किसके द्वारा की गई है एवं परीक्षण/जांच रिर्पोट के निष्कर्ष

क्या थे? कितनी दुकानों का भौतिक सत्यापन किया गया है ? **(ख)** कितनी दुकानों को भौतिक सत्यापन के पश्चात् नोटिस जारी किया गया है? कितनों को निलंबित व निरस्त किया गया है तथा कितनों के विरूद्व पुलिस/विभागीय जांच प्रारंभ की गई है? जिलेवार जानकारी देवें? **(ग)** क्या केन्द्र सरकार के द्वारा इस वित्तीय वर्ष में भेजे गए अधिकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ में पीडीएस चावल व अन्य खाद्यान्न संबंधी जांच/परीक्षण किया गया है? यदि हॉ तो जांच के प्रमुख निष्कर्ष/तथ्य क्या थे तथा इसकी जानकारी केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को कब दी गई?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) जी हां, प्रदेश में संचालित 13,392 उचित मूल्य दुकानों के माह सितंबर 2022 के बचत स्टॉक का भौतिक सत्यापन एवं परीक्षण खाद्य निरीक्षकों एवं जिला प्रशासन के अमले द्वारा किया गया है। भौतिक सत्यापन एवं स्टॉक में अनियमितता के आरोपो के विरूद्ध 34 याचिकाएं माननीय उच्च न्यायालय में दायर हुई है, जिसमें अंतिम न्यायालयीन निर्णय उपरांत ही प्रश्नांश की शेष जानकारी दिया जाना संभव होगा। **(ख)** प्रश्नांश 'क' की जानकारी परिपेक्ष्य में माननीय उच्च न्यायालय में दायर सभी याचिकाओं में अतिम निर्णय उपरांत जानकारी दिया जाना संभव होगा। **(ग)** माह सितंबर 2022 में उचित मूल्य दुकानों के स्टॉक सत्यापन के संबंध में डॉ. रमन सिंह माननीय विधायक द्वारा केन्द्र सरकार को प्रेषित शिकायत दिनांक 02/04/2023 के तथ्यों की जांच/परीक्षण की कार्यवाही केन्द्र सरकार की जांच टीम द्वारा मई 2023 को की गई है। इस संबंध में केन्द्र सरकार से प्राप्त पत्र दिनांक 06 जून 2023 में उचित मूल्य दुकानों को राशन सामग्री के आबंटन में अनियमितता के संबंध में शिकायत के तथ्य सही पाए जाने का कोई उल्लेख नहीं है। केन्द्र सरकार से प्राप्त इस पत्र में सभी उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन स्थापित किये जाने दुकानों से राशन सामग्री के दुरूपयोग पर नियंत्रण हेतु कार्ययोजना बनाने पीडीएस राशन सामग्री के परिवहन तथा वितरण हेतु दुकानों की निगरानी तथा जांच के सुदृढ़ीकरण उचित मूल्य दुकानों की निगरानी समितियों की नियमित बैठक आयोजित करने तथा पीडीएस स्टॉक की अनियमितता की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने के मुख्य निर्देश दिए गए है।

जिला जांजगीर-चाम्पा एवं जिला सक्ती में पी.डी.एस दुकानों की जांच

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

13. (*क्र. 451) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर चाम्पा एवं जिला सक्ती में कितने पी.डी.एस दुकान संचालित हैं ? उनमें से किन-किन दुकानों की, अनियमितता की शिकायत पर जांच की गयी और जांच में शिकायत सही पायी गयी तो किन-किन दुकानों को निलंबित किया गया था ? **(ख)** प्रश्न 'क' अनुसार निलंबित दुकानों को किन-किन दुकानों में संलग्न किया गया था ? बतायें ?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) जिला जांजगीर-चाम्पा में 391 एवं जिला सक्ती में 344 शासकीय उचित मूल्य दुकानें संचालित है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में उचित मूल्य दुकानों की प्राप्त शिकायतों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छ:"]

उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से गुणवत्ताहीन चना वितरण की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

14. (*क्र. 389) श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में 26 जून, 2023 तक चना वितरण किन-किन योजनाओं के माध्यम से, किन-किन वर्गो/राशनकार्ड धारियों को, किस-किस दर पर अथवा मुफ्त, कितनी-कितनी मात्रा में वितरण हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त हुआ है ? वर्षवार राज्य एवं केन्द्र शासन का पृथक-पृथक बतायें। **(ख)** कंडिका 'क' के वितरण हेतु कौन-कौन सी फर्म/कंपनी पैकेजिंग एवं भंडारण के लिए अधिकृत थी ? फर्म के चयन का आधार क्या था ? कितने स्थानों पर गुणवत्ताहीन चना वितरण की शिकायतें प्राप्त हुई ?

जिलेवार जानकारी उपलब्ध करायें ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' एवं 'ख' के संबंध में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार/जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में (जून 2023 तक) राज्य के सभी अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा क्षेत्र के प्राथमिकता श्रेणी एवं अन्त्योदय श्रेणी के राशनकार्डधारी हितग्राहियों को राज्य शासन के द्वारा 5 रूपए प्रति किलोग्राम की दर से प्रति राशनकार्ड 2 किलोग्राम चना वितरण किया जा रहा है। केन्द्र शासन के द्वारा उक्त अवधि में चना की प्रदाय मात्रा निरंक है। **(ख)** कंडिका ''क'' के अंतर्गत चना के वितरण हेतु पैकेजिंग एवं भंडारण के लियेअधिकृत फर्म/कंपनी तथा उनके चयन के आधार संबंधी जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ'' अनुसार है**। 10 स्थानों पर गुणवताहीन चना वितरण की शिकायतें प्राप्त हुई है। जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश ''क'' एवं ''ख'' के संबंध में अनियमितता/भ्रष्टाचार के संबंध में शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। जिला कांकेर में छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के द्वारा 2 उचित मूल्य दुकानों से लिये गये चना के गुणवत्ता परीक्षण में चने की गुणवत्ता सही नहीं पाये जाने के फलस्वरूप चना के प्रदायकर्ता मेसर्स के.के. एग्रोटेड वेंचर्स प्राईवेट लिमिटेड, रायपुर को छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा नोटिस जारी किया गया है। कार्यवाही छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के स्तर पर प्रक्रियाधीन है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

नगर पालिक निगम, धमतरी एवं नगर पंचायत, आमदी द्वारा गो-धन न्याय योजनांतर्गत गोबर खरीदी
[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

15. (*क्र. 249) श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या धमतरी विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम, धमतरी एवं नगर पंचायत, आमदी द्वारा गो-धन न्याय योजनांतर्गत गोठानों में गोबर खरीदी की जा रही है? यदि हां, तो किस दिनांक से गोबर की खरीदी किसके माध्यम से एवं कितने स्थानों में की जा रही है? गोबर खरीदी योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक कितनी मात्रा में गोबर खरीदी की गई है? स्थानवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या उक्त गोठानों में गोबर से वर्मी कम्पोष्ट एवं सुपर कम्पोष्ट का निर्माण किया जा रहा है? यदि हां, तो उक्त निर्माण किसके द्वारा किया जा रहा है? प्रारंभ से लेकर अब तक कुल कितनी मात्रा में सुपर एवं वर्मी कम्पोष्ट का निर्माण किया गया है? माहवार जानकारी देवें? सुपर एवं वर्मी कम्पोष्ट बनाने के बदले निर्माणकर्ता को किस दर पर राशि का भुगतान किया जाता है? अब तक कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया है? **(ग)** नगर पालिक निगम, धमतरी एवं नगर पंचायत, आमदी में गोठानों में सुपर एवं वर्मी कम्पोष्ट निर्माण में कुल कितने व्यक्ति कार्यरत हैं? प्रारंभ से लेकर अब तक प्रति व्यक्ति कितनी राशि का भुगतान किया गया है? खरीदी केन्द्रवार निर्माणकर्ता की संख्या, सुपर एवं वर्मी कम्पोष्ट की मात्रा, भुगतान की गई राशि, खरीदी केन्द्रवार जानकारी बतावें?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) नगर पालिक निगम, धमतरी:-जी हाँ। नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा गोधान न्याय योजनांतर्गत दिनांक 20.07.2020 से गोबर खरीदी की जा रही है। जानकारी निम्नानुसार हैः-
क्र. वर्तमान में संचालित खरीदी केन्द्र का नाम गोबर क्रय करने की प्रारंभ तिथि प्रथम दिवस को गोबर खरीदी की मात्र स्व सहायता समूह का नाम अब तक (कि.ग्रा.) क्रय गोबर की मात्रा(कि.ग्रा.) मे
1 दानीटोला खरीदी केन्द्र 20.07.2020 76 नवज्योति शहर स्तरीय संघ 2513374
2 रामपुर गोठान 09.12.2020 260 215832
3 नवागांव गोठान 22.06.2022 810 96535 नगर पंचायत, आमदी:-
जी हाँ, नगर पंचायत आमदी द्वारा गोधान न्याय योजनांतर्गत दिनांक 20.07.2020 से गोबर खरीदी की जा रही है। जानकारी निम्नानुसार हैः-
क्र. वर्तमान में संचालित खरीदी केन्द्र का नाम गोबर क्रय करने की प्रारंभ तिथि प्रथम दिवस को गोबर खरीदी की मात्रा
(कि.ग्रा.) स्व सहायता समूह का नाम अब तक क्रय गोबर की मात्रा

(कि.ग्रा.) में
1 मणी कंचन केन्द्र आमदी 20.07.2020 54 आकांक्षा बचत साख समूह 753552
(ख) नगर पालिक निगम, धमतरी:- जी हाँ। वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का निर्माण नवज्योति महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है। माहवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।**
वर्मी एवं सुपर कम्पोस्ट निर्माण हेतु नवज्योति महिला स्व सहायता समूह को वर्मी कम्पोस्ट हेतु रू. 3.27 प्रति क्रि.ग्रा. एवं सुपर कम्पोस्ट हेतु रू. 0.77 प्रति कि.ग्रा. की दर से भुगतान किया गया है। अब तक नवज्योति शहर स्तरीय संघ स्व सहायता समूह को कुल राशि रू. 607835.00 का भुगतान किया गया है।
नगर पंचायत, आमदी:-
जी हाँ, नगर पंचायत आमदी के गोठान में वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट निर्माण किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट का निर्माण आकांक्षा बचत साख महिला स्व सहायता समुह के द्वारा किया जा रहा है।
माहवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
सुपर कम्पोस्ट निर्माण हेतु - रू. 0.77 प्रति कि.ग्रा.
वर्मी कम्पोस्ट निर्माण हेतु - रू. 3.27 प्रति कि.ग्रा. की दर से भुगतान किया जाता है। अब तक महिला स्व सहायता समूह को कुल राशि रू. 412010.00 का भुगतान किया गया है।
(ग) नगर पालिक निगम, धमतरी:-
नगर पालिक निगम धमतरी के गोठानों में सुपर कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य में कुल 130 स्वयं सहायता समूह के सदस्य कार्यरत है। प्रारंभ से लेकर अब तक समूह को रू. 607835.00 का भुगतान किया गया है। प्राप्त राशि (लाभांश) का बटवारा समूह द्वारा तय किया जाता है। खरीदी केन्द्रवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसारहै।**
नगर पंचायत, आमदी:-
नगर पंचायत, आमदी के गोठानों में सुपर कम्पोस्ट एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण कार्य में कुल 16 स्वयं सहायता समूह के सदस्य कार्यरत है।
प्रारंभ से लेकर अब तक समूह को रू. 412010.00 का भुगतान किया गया है। जिसका बंटवारा समूह द्वारा तय किया जाता है।
खरीदी केन्द्रवार स्वच्छता दीदी की संख्या निम्नानुसार है:-
खरीदी केन्द्रवार **जानकारी की सूची संलग्न प्रपत्र-द अनुसारहै।**
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

आदिवासी युवक-युवतियों की मृत्यु एवं प्रताड़ना की शिकायत पर कार्यवाही

[गृह]

16. (*क्र. 449) श्री ननकी राम कंवर : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिले के कोतरा रोड थाना में जनवरी, 2019 से जून, 2023 तक कितने आदिवासी युवक-युवतियों की मृत्यु का मर्ग कायम हुआ ? उनमें कितने युवक-युवतियों ने प्रताड़ना से आत्महत्या की? सूची देवें? **(ख)** प्रताड़ना से आत्महत्या करने के मामले में क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो दोषी कौन-कौन हैं?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में रायगढ़ जिले के कोतरा रोड थाना में आदिवासी युवक-युवतियों की मृत्यु पर 62 मर्ग कायम हुआ है, उनमें प्रताड़ना से किये गये आत्महत्या की जानकारी संलग्न ''प्रपत्र'' अनुसार है। **(ख)** प्रताड़ना से आत्महत्या करने के मामले में थाना कोतरारोड़ जिला-रायगढ़ में मर्ग क्रमांक 59/21 मृतक ईश्वर प्रसाद सिदार जिसने दिनांक 20.10.2021 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने पर जांच उपरांत अपराध क्रमांक 312/2021 धारा 306,34 भादवि का अपराध रमेश कुमार सिदार, नमो पटेल एवं चंद्रा पुलिस (अर्जुन प्रसाद चंद्रा सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक) के विरूद्व दर्ज कर विवेचना की जा रही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

नगर पंचायत बस्तर के वार्डों में पेयजल की व्यवस्था हेतु आबंटित एवं व्यय राशि
[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

17. (*क्र. 340) श्री बघेल लखेश्वर : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नगर पंचायत बस्तर के किन-किन वार्डों में अमृत मिशन योजना से घरों को जल वितरण हेतु पाईप बिछाव व विस्तारीकरण का कार्य किया गया है ? इस हेतु कुल प्राप्त बंटन एवं व्यय की स्थिति बतावें? **(ख)** उक्त कार्य को करने हेतु निर्धारित कार्य एजेंसियों का नाम बतावें ? **(ग)** क्या जिन वार्डों में पाईप बिछाव/विस्तारीकरण का कार्य हुआ है क्या उन सभी वार्डों के घरों में योजना का लाभ (जल प्रदाय) मिल रहा है ? यदि नहीं, तो वार्डों की संख्या सहित कारण एवं इसके निराकरण हेतु विभाग के द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी दें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जी नहीं। नगर पंचायत बस्तर के वार्डो में अमृत मिशन योजना से घरों को जल वितरण हेतु पाईप बिछाव व विस्तारीकरण का कार्य नहीं किया गया है।**(ख)** एवं **(ग)** प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

एशियन डेवलपमेंट बैंक लोन सहायित 03 परियोजना में स्वीकृत सड़कों की कार्य पूर्णता
[लोक निर्माण]

18. (*क्र. 8) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि विधानसभा तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्रमांक 52) दिनांक 10 मार्च 2022 के उत्तर में विभाग ने ए.डी.बी. लोन सहायित 19 कार्यो की कार्य पूर्ण होने की समयावधि समाप्त हो जाने के पश्चात भी अपूर्ण होना बताया था ? क्या यह भी सत्य है कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी अनुसार एक कार्य माननीय उच्च न्यायालय, बिलासपुर में विचाराधीन होने के कारण शेष 24 कार्य में से 01 को जून 2022 तक 20 को दिसम्बर 2022 तक तथा 03 को मार्च 2023 तक पूर्ण करने की कार्य योजना बनाई गयी थी ? **(ख)** यदि प्रश्नांक "क" की जानकारी सत्य है तो आज दिनांक की स्थिति में इन सभी 25 कार्यो का कार्य स्टेटस क्या है ? क्या यह पूर्ण हो गये ? हां तो कब, नहीं तो क्यों ? **(ग)** कार्य में विलंब से बढ़ने वाली लागत की भरपाई किससे की जायेगी ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जी हां। **(ख)** दिनांक 30.06.2023 की स्थिति में जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार। **(ग)** अनुबंधानुसार कार्यवाही की जावेगी।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

अकलतरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत नरियरा में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण
[लोक निर्माण]

19. (*क्र. 46) श्री सौरभ सिंह : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जांजगीर चाम्पा जिले के अकलतरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत नरियरा में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण करने का ठेका किस-किस कंपनी या एजेंसी को कब-कब दिया गया था ? उपरोक्त कंपनी द्वारा कार्य कब तक पूर्ण किया जाना हैं ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

प्रदेश में पर्यटन स्थलों के विकास में व्यय राशि

[पर्यटन]

20. (*क्र. 221) श्री अरुण वोरा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कुल कितने पर्यटन स्थल चिन्हांकित हैं? जिलेवार जानकारी दें? **(ख)** इन पर्यटन स्थलों के विकास के लिए वर्ष 2020-21 से 30 जनू, 2023 तक कितनी राशि खर्च की गई है? इसी अवधि में कुल कितने विदेशी नागरिकों ने पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया एवं इनसे कुल कितना राजस्व प्राप्त हुआ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 139 पर्यटन स्थल चिन्हांकित किये गए हैं। जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' में दिये गए पर्यटन स्थलों में किये गए विकास कार्यों पर व्यय राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब' अनुसार** है। प्रश्नांकित अवधि में राज्य के पर्यटन स्थलों में विदेशी पर्यटकों की संख्या 2998 है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित इकाईयों में ठहरे विदेशी पर्यटकों से राशि रू. 4,24,387.00 (रू. चार लाख चौबीस हजार तीन सौ सत्यासी) का राजस्व प्राप्त हुआ है। इन विदेशी पर्यटकों के भ्रमण से अप्रत्यक्ष रूप से स्थानीय व्यक्तियों, टूर एण्ड टे᳭व्हल ऑपरेटर्स अन्य होटल व्यवसायियों आदि को जो आय प्राप्त हुए है, उसकी जानकारी इसमें सम्मिलित नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

प्रदेश में पीडीएस के तहत संचालित दुकानों में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

21. (*क्र. 379) श्री नारायण चंदेल : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में वर्तमान में कितने-कितने निःशक्तजन, अंत्योदय, प्राथमिक एवं ए.पी.एल. राशन कार्डधारी परिवार हैं? इन परिवारों को कितनी-कितनी मात्रा में कौन-कौन सा खाद्यान्न कितनी-कितनी कीमत पर राशन दुकानों से प्राप्त होता है ? क्या हितग्राहियों द्वारा चावल एवं अन्य खाद्यान्न सामग्री की ई-पॉक्स मशीन में एन्ट्री कर राशन दुकान संचालकों को ही बेच देने की शिकायतें प्राप्त हुई है? यदि हां, तो हितग्राही एवं दुकान संचालक पर नियमानुसार क्या-क्या कार्यवाही का प्रावधान है एवं क्या-क्या कार्यवाही की गई ? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या पी.डी.एस दूकानों में अनियमितता की जांच हेतु केन्द्र सरकार के अधिकारियों की भी टीम आयी थी ? यदि हां, तो क्या उनके द्वारा जांच हेतु वांछित दस्तावेज राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये थे ? यदि हां, तो जांच में क्या पाया गया ? यदि नहीं,तो कारण बतावें?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) प्रदेश में वर्तमान में निःशक्तजन श्रेणी के 14,380 राशनकार्डधारी, अन्त्योदय श्रेणी के 14.68 लाख राशनकार्डधारी परिवार, प्राथमिकता श्रेणी के 50.82 लाख राशनकार्डधारी परिवार एवं सामान्य श्रेणी के 8.87 लाख राशनकार्डधारी परिवार है। उपरोक्त राशनकार्डधारी परिवारों की मासिक खाद्यान्न पात्रता एवं दर **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। ई-पॉस में राशन सामग्री की एन्ट्री कर दुकान संचालकों को इसे बेचने की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है**,** अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। **(ख)** माह सितंबर 2022 में उचित मूल्य दुकानों के स्टॉक सत्यापन के संबध् में डॉ. रमन सिंह माननीय विधायक द्वारा केन्द्र सरकार को प्रेषित शिकायत दिनांक 02.04.2023 के तथ्यों की जांच/परीक्षण की कार्यवाही केन्द्र सरकार की जांच टीम द्वारा मई 2023 में की गई है। जी हां, केन्द्रीय जांच दल द्वारा चाही गई जानकारी राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई। इस संबंध में केन्द्र सरकार से प्राप्त पत्र दिनांक 06 जून, 2023 में उचित मूल्य दुकानों को राशन सामग्री के आबंटन में अनियमितता के संबंध में शिकायत के तथ्य सही पाए जाने का कोई उल्लेख नहीं है। केन्द्र सरकार से प्राप्त इस पत्र में सभी उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन स्थापित किये जाने, दुकानों से राशन सामग्री के दुरूपयोग पर नियंत्रण हेतु कार्ययोजना बनाने, पीडीएस राशन सामग्री के परिवहन तथा वितरण हेतु दुकानों की निगरानी तथा जांच के सुदृढ़ीकरण उचित मूल्य दुकानों की निगरानी समितियों की नियमित बैठक आयोजित करने तथा पीडीएस स्टॉक की अनियमितता की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने के मुख्य निर्देश दिए गए है।**[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]**

प्रदेश में धान खरीदी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

22. (*क्र. 233) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खरीफ वर्ष 2019-20 से दिनांक 30 जून, 2023 तक राज्य सरकार के द्वारा कितना एवं कितनी राशि का धान क्रय किया गया है? इसमें कितनी राशि न्यूनतम समर्थन मूल्य से व कितनी अन्य योजनाओं के अतंर्गत किसानों को दी गई? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के वर्षो में केन्द्र सरकार के द्वारा केन्द्रीय पूल एवं अन्य मद में कितना-कितना चावल लिया गया है एवं इस हेतु राज्य सरकार को कितनी राशि प्रदान की गई? प्रदेश सरकार द्वारा कितनी-कितनी राशि का ऋण, किसानों के भुगतान हेतु किस-किस संस्था से लिया गया है एवं इस हेतु कितना ब्याज प्रति माह राज्य सरकार द्वारा देय है?वर्षवार जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) खरीफ वर्ष 2019-20 से दिनांक 30 जून 2023 तक राज्य सरकार के द्वारा धान खरीदी एवं भुगतान की गई राशि तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत भुगतान की गई राशि की वर्षवार जानकारी संलग्न **प्रपत्र -''अ'' अनुसार है।(ख)** प्रश्नांश ''क'' की अवधि में केन्द्र सरकार के द्वारा केन्द्रीय पूल में लिए गए चावल तथा प्रदाय की गई राशि की खरीफ वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - ''ब''अनुसार है।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को समर्थन मूल्य की राशि के भुगतान हेतु लिए गए ऋण राशि का वितरण तथा संस्था की जानकारी एवं राज्य सरकार द्वारा देय ब्याज प्रति माह की वर्षवार जानकारी क्रमशः **संलग्न प्रपत्र - ''स'' एवं प्रपत्र -''द'' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए लोगों के नाम पर शासकीय संस्थाओं के नामकरण

[गृह]

23. (*क्र. 407) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**झीरम नक्सली हमले में जिला धमतरी से कौन-कौन से राजनेता, कार्यकर्ता, पुलिस कर्मचारी शहीद हुए हैं? **(ख)**क्या शहीदों के नाम से शासकीय संस्थाओं के नामकरण हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं? यदि हाँ, तो नामकरण कब तक किया जायेगा? ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) झीरम घाटी नक्सली घटना में जिला धमतरी से कांग्रेस कार्यकर्ता स्व. श्री अभिषेक गोलछा पिता श्री ज्ञानचंद गोलछा एवं पुलिस आरक्षक चन्द्रहास धुरव, जिला बल बस्तर शहीद हुए हैं। **(ख)** उक्त प्रश्न का संबंध अर्न्तविभागीय होने के कारण संबंधित विभाग से जानकारी एकत्रित की जा रही है।

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खैरागढ, छुईखदान को विकास कार्य योजना से आबंटित राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

24. (*क्र. 426) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका परिषद, खैरागढ़ एवं छुईखदान को विकास कार्यों हेतु किस-किस योजना के अंतर्गत अप्रैल, 2021 से जून, 2023 तक राज्य शासन से, किस-किस मद में, कितनी-कितनी राशियां प्राप्त एवं व्यय हुई ? मदवार, विकास कार्य योजनावार वर्षवार जानकरी देवें? **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार प्राप्त राशि से कौन-कौन से कार्य, किस-किस फर्म/ठेकेदार से कराए गए हैं तथा कितनी राशि का भुगतान किया गया है ? मदवार, कार्यवार जानकारी देवें? कितने कार्य पूर्ण हैं? कितने अपूर्ण? **(ग)** प्राप्त राशि का उपयोग मदवार किया गया है? यदि नहीं तो किस नियम से राज्य शासन से प्राप्त राशि को अन्य मदो में परिवर्तन कर उपयोग किया गया है? तथा इस हेतु जिम्मेदार पर क्या कार्यवाही की गई?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) एवं **(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है। (ग)** जी हां। राशि का उपयोग मदवार किया गया है।

<u>विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ के पुल निर्माण की राशि एवं समयसीमा</u>

[लोक निर्माण]

25. (*क्र. 309) श्री अनूप नाग : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ अन्तर्गत भानुप्रतापपुर से पखांजूर मार्ग एस.एच.25 के के.एम.65/6 कापसी पर पुल निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है? यदि हॉ, तो स्वीकृति वर्ष,राशि एवं इसे पूर्ण करने की तय सीमा की जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश "क" में उल्लेखित निर्माण कार्य क्या तय समय सीमा में पूर्ण नहीं हुआ है ? यदि हॉ, तो कृपया कारण बतावें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जी हां। स्वीकृति वर्ष 2018-19, स्वीकृत राशि 762.18 लाख, अनुबंधानुसार कार्य पूर्ण करने की तय सीमा 18.11.2019 **(ख)** जी हां। भू-अर्जन के कारण।

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा का अनुपालन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

1. (क्र. 12) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि दिनांक 11.4.2023 को रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में ''भेट मुलाकात कार्यक्रम'' में माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने सड़क निर्माण हेतु राशि रूपये तीन करोड स्वीकृत करने की घोषणा की थी ? यदि हां तो राशि स्वीकृति आदेश कब तक जारी कर दिए जायेंगे ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क)जी हां। यह सत्य है कि दिनांक 11.04.2023 को रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में ''भेंट मुलाकात कार्यक्रम'' में माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने सड़क निर्माण हेतु राशि रूपये तीन करोड़ स्वीकृत करने की घोषणा की थी।उक्त घोषणा के परिपालन में आयुक्त, न.नि.रायपुर द्वारा अपने पत्र क्रमांक 31 दिनांक 15.05.2023 द्वारा राशि रू.830.51 लाख के प्रस्ताव प्रेषित किये गये है। जिसमें उत्तर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत डामरीकरण हेतु राशि रू. 299.61 लाख के 10 कार्य शामिल हैं, जिनमें से 03 कार्य लागत राशि रू.59.02 लाख की स्वीकृति संचालनालय के आदेश क्रमांक 2800 दिनांक 03.03.2023 द्वारा प्रदान की जा चुकी है।शेष 07 कार्य लागत राशि रू.240.59 लाख के प्रस्ताव की स्वीकृति विचाराधीन है।

रामवनगमन परिपथ अंतर्गत चिन्हांकित स्थलों की वित्तीय एवं भौतिक स्थिति

[पर्यटन]

2. (क्र. 25) श्री अजय चन्द्राकर : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रामवनगमन पथ के लिये शासन ने जिन स्थानों का चयन किया है ,उनमें क्या-क्या कार्य होने हैं और अब तक क्या-क्या कार्य, कितनी लागत के हो गये हैं और निर्माण कार्यो का ड्राइंग, डिजाइन किसने तैयार किया है? कार्य एजेंसी कौन-कौन है ? वे कहां से हैं? **(ख)** श्री रामचन्द्र की प्रतिमा कहां पर, कैसी हो, इसका निर्धारण किसके द्वारा किया गया है और अब तक कितनी जगह में लग गयी है व उसके भुगतान का आधार क्या है? **(ग)** पर्यटन विभाग द्वारा चयनित एजेंसी मेसर्स स्प्रिंग बॉक्स फिल्म प्रा.लि.इन कन्सोरटियम विद ब्रान्डविथ इवेंट प्रा.लि., नई दिल्ली -110048 से 18 दिसंबर, 2018 से 20 जून, 2023 तक क्या-क्या कार्यक्रम, कितनी लागत से, कहां-कहां करवाये गये और उनको कितना भुगतान किया गया है तथा इवेंट एजेंसी के मालिक कौन हैं? वर्षवार अलग-अलग बतावें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राम वनगमन पर्यटन परिपथ के लिए 75 स्थलों को चिन्हांकित किया गया है। जिसमें से प्रथम चरणमें 10 स्थलों का चयन किया गया है। जिसमें चंदखुरी, चम्पारण, तुरतुरिया, सिहावा-नगरी, राजिम, रामगढ़, सीतामढ़ी-हरचौका, शिवरीनारायण, जगदलपुर, रामाराम है। प्रथम चरण में 10 चयनित स्थलों में प्रस्तावित कार्यों का विवरण **संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार** है। प्रथम चरण में 10 चयनित स्थलों में सम्पादित कार्यों का विवरण, लागत राशि, ड्राइंग व डिजाइन तैयार करने वाली एजेंसी तथा क्रियान्वयन एजेंसी की जानकारी **संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार** है। **(ख)** श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा कहाँ पर, कैसी हो इसका निर्धारण विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करते समय किया गया है। चंदखुरी, शिवरीनारायण, राजिम, सीतामढ़ी-हरचौका, रामगढ़, एवं चम्पारण्य में प्रभु श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा लगाई गई है। भारत सरकार की उपक्रम एजेंसियों TCIL, NEW DELHI एवंWAPCOS LIMITED, GURGAON, HARYANA द्वारा खुली निविदा आमंत्रित कर कार्य संपादित किये गये है एवं तदानुसार भुगतान की कार्यवाही

की गई है। **(ग)** पर्यटन विभाग द्वारा चयनित एजेंसी मेसर्स स्प्रिंग बॉक्स फिल्म प्रा. लि. इन कन्सोरटियम विद ब्रान्डविथ इवेन्ट प्रा. लि. नई दिल्ली, से 18 दिसम्बर 2018 से 20 जून 2023 तक सम्पादित कार्यक्रम, लागत, कार्यक्रम स्थल व भुगतान की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''स'' अनुसार** है। उपलब्ध दस्तावेज अनुसार मेसर्स स्प्रिंग बॉक्स फिल्म प्रा. लि. नई दिल्ली के डायरेक्टर का नाम शहनाज किदवई, यासमिन किदवई एवं अतुल गुप्ता तथा कन्सोरटियम विद ब्रान्डविथ इवेन्ट प्रा. लि. नई दिल्ली के डायरेक्टर का नाम श्री शशांक गुप्ता, श्री दीपक पहावा, श्री हिमांशु आनंद, श्री शान्तनु गोयल तथा श्री रंजीत रैना है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

प्रदेश में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानो का सत्यापन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

3. (क्र. 26) श्री अजय चन्द्राकर : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2022 से जनवरी,2023 तक की अवधि में कितने शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में भंडारण, वितरण व सत्यापन के पश्चात कितनी-कितनी मात्रा में, कितनी राशि की, कौन-कौन से खाद्यान्न की कमी पायी गयी ? **(ख)** प्रदेश के कौन-कौन से जिले में, कितनी शासकीय उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं तथा इन दुकानों में क्या-क्या सुविधायें या उपकरण, कितनी मात्रा में अनिवार्य रूप से होना नियमबद्ध किया गया है? सरकार द्वारा कौन-कौन से उपकरण उन दुकानों को प्रदाय किया जाना था? **(ग)** उक्त संचालित कितनी दुकानों में सी.सी.टी.वी. कैमरा, पी.ओ.एस. मशीन व नाप-तौल मशीन उपलब्ध है ? उनमें से कौन-कौन से उपकरण सरकार द्वारा, प्रशांश के अवधि में किस ऐजेंसी से किस दर पर, कितनी-कितनी मात्रा में क्रय कर प्रदाय की गयी है?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) प्रदेश में माह सिंतबर 2022 में उचित मूल्य दुकानों के स्टॉक के भौतिक सत्यापन तथा स्टॉक में अनियमितता की मात्रा के संबंध में 34 याचिकाएं माननीय उच्च न्यायालय में दायर की गई है तथा माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय उपरांत ही राशन सामग्री में कमी की मात्रा की जानकारी दिया जाना संभव होगा। **(ख)** माह जुलाई 2023 की स्थिति में जिलेवार संचालित उचित मूल्य दुकानों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। प्रत्येक माह राशन सामग्री के वितरण हेतु प्रत्येक दुकान में 1 ईपास मशीन, 1 इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के अनिवार्य उपयोग का प्रावधान किया गया है तथा पारदर्शी निविदा प्रक्रिया के माध्यम से भारत सरकार,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा निर्धारित माडल के अनुरूपचयनित वेंडर द्वारा किराए पर यह मशीन/उपकरण दुकानों को प्रदाय किया जाता है। **(ग)** वर्तमान में 13,645 दुकानों में ई-पास मशीन तथा 13,579 दुकानों में तौल मशीन एवं 6,081 दुकानों में सीसीटीवी कैमरा उपलब्ध है। उपरोक्त मशीन/उपकरण राज्य सरकार द्वारा क्रय नहीं किए गए है, अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

जांजगीर चाम्पा जिले के नगर पंचायत बलौदा को प्राप्त राशि !

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

4. (क्र. 50) श्री सौरभ सिंह : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर चाम्पा जिले के नगर पंचायत बलौदा को पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनाॅक 20/06/2023 तक किस-किस मद से कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है? **(ख)** प्राप्त राशि से कौन-कौन सा कार्य पूर्ण हुआ है और कौन सा कार्य अपूर्ण है ? ठेकेदार के नाम व अपूर्ण कार्य के कारण सहित जानकारी बताएं ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) एवं **(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

बिलासपुर की सीवरेज परियोजना का निर्माण कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

5. (क्र. 75) श्री शैलेश पांडे : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**बिलासपुर में सीवरेज परियोजना को कब प्रारंभ किया गया था? योजना को पूर्ण करने की समय-सीमा क्या निर्धारित की गई थी? शासन द्वारा इसकी पूर्णता की समय सीमा कब-कब बढ़ाई गई एवं उसके क्या कारण थे ? योजना की प्रारंभिक लागत कितनी थी और वर्तमान में कितनी है? **(ख)** परियोजना के प्रारंभ से 30 जून 2023 तक की स्थिति में कितने नोडल/ प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए, नाम सहित जानकारी उपलब्ध कराएं? समय सीमा में कार्य नहीं होने पर शासन द्वारा ठेकेदार एवं नोडल अधिकारी पर क्या कार्रवाई की गई, विवरण दें। **(ग)** क्या बिलासपुर में सीवरेज परियोजना की जांच का आदेश /निर्देश दिया गया था, यदि हां तो उस पर आज तक क्या कार्रवाई की गई? **(घ)** बिलासपुर में निर्माणाधीन सीवरेज परियोजना से प्रभावित होकर कितने लोग दुर्घटनाग्रस्त हुए ? कितने लोगों की जान गई,क्या इसकी जांच की गई? यदि हां तो क्या क्या कार्रवाई की गई? क्या पीड़ितों को मुआवजा राशि प्रदान की गई?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) बिलासपुर में सीवरेज परियोजना को दिनांक 03 अक्टूबर 2008 से प्रारंभ किया गया था। योजना पूर्ण करने की समय-सीमा 24 माह निर्धारित की गई थी। नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा इसकी पूर्णता की समय-सीमा में वृध्दि की तिथि एवं इसके कारण का **विवरण संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार हैं।** योजना की प्रारंभिक प्रशासकीय स्वीकृति राशि रु. 206.36 करोड़ थी और वर्तमान में पुनरीक्षित स्वीकृति की राशि रु. 422.94 करोड़ है। **(ख)** परियोजना के प्रारंभ से 30 जून 2023 तक की स्थिति में 04 नोडल/प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए। जिनके नाम सहित जानकारी, समय-सीमा मे कार्य नहीं होने पर ठेकेदार एवं नोडल अधिकारी पर की गई कार्रवाई का **विवरण संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है। (ग)** जी हाँ। छ0ग0 शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश दिनांक 29.08.2019 के द्वारा नगरपालिक निगम बिलासपुर कीं सीवरेज परियोजना के अभिलेखों का परीक्षण कर शेष कार्य निर्धारित समय-सीमा मे पूर्ण कराने हेतु परीक्षण समिति का गठन किया गया था। विभाग के पत्र दिनांक 18.02.2020 के द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-स अनुसार है। (घ)** बिलासपुर में निर्माणाधीन सीवरेज परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान 02 लोग दुर्घटनाग्रस्त हुए जिसमें दुर्घटनाग्रस्त 02 लोगो की जान गई। की गई जांच के अनुसार पाईप लाईन बिछाने हेतु खोदी गई ट्रेंच के साईड की मिट्टी गिरने के कारण मिट्टी के नीचे कार्यरत मजदूर के दबने से उक्त घटना हुई। पीडितों को मुआवजा राशि प्रदान की जा चूकी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

नक्सल समस्या के उन्मूलन के लिए नीति व नक्सल घटनायें

[गृह]

6. (क्र. 108) डॉ. रेणु अजीत जोगी : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वर्ष 2018 के आत्मसात किए जन घोषणापत्र में घोषणा के अनुसार नक्सल समस्या के उन्मूलन के लिए शासन द्वारा नीति बना ली गयी है? **(ख)** 1 जनवरी, 2019 से 15 जून 2023 तक छत्तीसगढ़ में कितनी नक्सल घटनाएं हुई हैं? इनमें कितने लोग शहीद हुए हैं? **(ग)** उपरोक्त अवधि में शासन द्वारा नक्सल समस्या से निपटने के लिए नक्सल प्रभावित पंचायतों को कितनी राशि का वितरण किया गया है? क्या जन घोषणापत्र में की गयी घोषणा अनुसार नक्सल प्रभावित हर पंचायत को 1 करोड़ रूपए की राशि का वितरण हो चुका है? यदि नहीं तो क्यों ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जी हॉ। **(ख)** प्रश्नाधीन अवधि तक छत्तीसगढ़ में कुल 1302 नक्सली घटनाएं हुई है। इन नक्सली घटनाओं में 139 जवान शहीद हुए हैं। **(ग)** प्रश्नाधीन अवधि में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा नक्सल प्रभावित पंचायतों के लिए पृथक से राशि वितरण नहीं किया गया है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत 01 जनवरी, 2019 से 15 जून, 2023 तक नक्सल प्रभावित पंचायतों में राशि रू. 1248.33 करोड़ के 1.02 लाख कार्य कराये गये है।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पत्तिकर

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

7. (क्र. 109) डॉ. रेणु अजीत जोगी : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वर्ष 2018 के आत्मसात किए गए जन घोषणापत्र में शहरी क्षेत्रों में सम्पत्ति कर 50 फ़ीसदी तक कम करने और ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्णतः समाप्त करने की घोषणा की गयी थी? क्या इस घोषणा के क्रियान्वयन की कार्यवाही पूर्ण हो गयी है? **(ख)** 15 जून, 2023 की स्थिति में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति कर की दर क्या है? 16 दिसंबर 2018 की स्थिति में इन क्षेत्रों में संपत्ति कर की क्या दर थी? **(ग)** 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च 2023 तक शासन को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति कर से कितना राजस्व प्राप्त हुआ है? वर्षवार और जिलेवार वर्णन दें।

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जी हां। जन घोषण पत्र में शहरी क्षेत्रों के लिए संपत्ति कर 50 प्रतिशत कम करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्णतः समाप्त करने की घोषणा की गई थी। घोषणा के क्रियान्वयन की कार्यवाही विचाराधीन है।**(ख)** संपित्त कर की दर संबंधी **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ग)** 1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च 2023 तक संपत्ति कर से शहरी क्षेत्रों के निकायों को प्राप्त राजस्व संबंधी जानकारी वर्षवार/जिलेवार **संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति कर से प्राप्त राजस्व निरंक है। **[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]**

नगर निगम, रायपुर अंतर्गत यूनिपोल लगाने में अनियमितता की जांच

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

8. (क्र. 214) श्री धरम लाल कौशिक : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि 1 जनवरी, 2023 के पश्चात् नगर निगम, रायपुर अंतर्गत यूनिपोल संबंधी अनियमितता/प्रकरण में शासन/नगर निगम, रायपुर के द्वारा जांच समिति का गठन किया गया है? यदि हॉ, तो इसमें कौन-कौन सदस्य थे? जांच के क्या बिन्दु थे तथा समिति के द्वारा कब व क्या जांच निष्कर्ष दिये गए? किस आधार पर किसे दोषी या क्या अनियमितता पायी गई है एवं दोषी के विरूद्व क्या कार्यवाही की गई है? **(ख)** क्या यह सही है कि यूनिपोल सही जगह व सही साईज के नहीं लगाये गए थे तथा यूनिपोल लगाने वाली कंपनी की कार्य अवधि पूर्ण होने के बाद भी बिना निविदा पुनः बुलाए कार्य अवधि बढ़ाई गई? कार्य अवधि क्या थी व कब व किसके द्वारा कार्य अवधि, किस आधार पर बढ़ाई गई व इस संबंध में क्या-क्या आदेश जारी किये गये हैं? उक्त अनियमितता में कौन-कौन सी कंपनियां व अधिकारी दोषी पाये गए?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जी हाँ। यह सही है कि 01 जनवरी 2023 के पश्चात् नगर निगम रायपुर अंतर्गत यूनिपोल संबंधी अनियमितता/प्रकरण में शासन के द्वारा जांच समिति का गठन शासन के आदेश क्रमांक/07/नि.स.-संचा./न.प्र. 2023 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 12.05.2023 के द्वारा किया गया। उपरोक्त जांच समिति में श्री आशीष टिकरिहा, अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य शहरी विकास अभिकरण एवं श्री यू.के. धलेन्द्र, मुख्य अभियंता, संचा. नगरीय प्रशासन एवं विकास सदस्य है। जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।**(ख)** स्वीकृति के अनुसार ही स्थल एवं साईज में यूनीपोल लगाये गये है। यह सही नहीं है कि यूनिपोल लगाने वाली कंपनियों की कार्य अवधि पूर्ण होने के बाद भी बिना निविदा पुनः बुलाए कार्य अवधि बढ़ाई गई। यूनिपोल निविदा का नवीनीकरण कार्य अवधि पूर्ण करने के पूर्व समय-सीमा में (पंजीयन एवं विनियमन) विज्ञापन उपविधि 2012 में निहित सक्षम प्राधिकारी आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा किया गया। बी.ओ.टी. पद्धति से यूनिपोल लगाये जाने एवं विज्ञापन अधिकार की निविदा में कार्यादेश क्रमांक 1402, दिनांक 17.09.2019 के द्वारा जारी की गई। जिसकी अवधि यूनिपोल लगाने हेतु दिये गये समय को छोड़कर दिनांक 17.11.2019 से 16.11.2022 तक 03 वर्ष के लिये निर्धारित की गई थी। निविदा के लगभग 1.5 वर्ष उपरांत दिनांक 28.06.2021 को विश्वव्यापी कोविड-19 महामारी एवं निगम राजस्व के आधार पर विज्ञापन (पंजीयन एवं विनियमन) उपविधियां 2012 में निहित सक्षम प्राधिकारी आयुक्त, नगर पालिक निगम

रायपुर के द्वारा दिये गये स्वीकृति के अनुसार बढ़ाई गई है। आदेश की **प्रतियां संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** उक्त के संबंध में जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

प्रदेश में सड़को का निर्माण
[लोक निर्माण]

9. (क्र. 222) श्री अरुण वोरा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- पिछले 03 वर्षो में विभाग द्वारा जिला दुर्ग में कुल कितने कि.मी. नई सड़कों का निर्माण किया गया? कितने कि.मी. सड़कों का संधारण किया गया? इनमें कुल कितनी राशि खर्च की गई?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** एवं **प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

धमतरी नगरीय निकाय क्षेत्र में भवन अनुज्ञा हेतु नियमों का पालन न होने पर कार्यवाही
[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

10. (क्र. 250) श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधान सभा क्षेत्र धमतरी अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्र में भवन अनुज्ञा हेतु किन-किन दस्तावेजों की आवश्यकता है? नाम बतावें? क्या 01 अप्रैल, 2021 से लेकर 20 जून, 2023 तक जारी भवन अनुज्ञा में भवन निर्माण के समय अनुज्ञा अनुरूप निर्माण करने का निरीक्षण किया गया है? यदि हां, तो कितने स्थानों पर भवन अनुज्ञा के नियम एवं शर्तों के अनुरूप निर्माण नहीं करना पाया गया एवं क्या कार्यवाही की गई? **(ख)** क्या नगर पालिक निगम के द्वारा भवन अनुज्ञा हेतु आवेदनकर्ता द्वारा आवश्यक दस्तावेज नहीं होने एवं नियम के विपरीत भवन अनुज्ञा जारी की गई है? यदि हां, तो भवन अनुज्ञाधारी के नाम एवं संबंधित जारीकर्ता अधिकारी के ऊपर क्या कार्यवाही की गई, की जानकारी देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) विधानसभा क्षेत्र धमतरी अंतर्गत नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्र में भवन अनुज्ञा हेतु आवश्यक दस्तावेजों की सूची **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ'' अनुसार है।** जी हां। 01 अप्रैल 2021 से लेकर 20 जून 2023 तक जारी भवन अनुज्ञा में भवन निर्माण के समय अनुज्ञा अनुरूप निर्माण करने का निरीक्षण किया गया है। 296 स्थानों पर भवन अनुज्ञा के अनुरूप निर्माण नहीं करना पाया गया। नियम एवं शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं करने पर संबंधित भवन स्वामियों को नियमानुसार नोटिस जारी किया गया, जो कि **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब''अनुसार है।** उपरोक्त प्रकरण छ.ग.अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम 2022 अंतर्गत नियमितीकरण हेतु प्रक्रियाधीन है। **(ख)**जी नही।

विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ में सड़क निर्माण की स्वीकृति
[लोक निर्माण]

11. (क्र. 310) श्री अनूप नाग : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़ अन्तर्गत अंतागढ़ से नारायणपुर मार्ग चौड़ीकरण के लिए राशि स्वीकृति की गई है ? यदि नहीं, तो कब तक स्वीकृति प्रदान की जावेगी ? **(ख)** प्रश्नांश "क" में उल्लेखित निर्माण कार्य के लिए क्या पर्यावरण विभाग से किसी प्रकार का पत्राचार किया गया है ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जी नहीं। निश्चित तिथि बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** जी नहीं।

बस्तर संभागान्तर्गत श्रमिक कल्याण हेतु संचालित योजनाएं/कार्यक्रम की स्थिति

[श्रम]

12. (क्र. 343) श्री बघेल लखेश्वर : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** श्रम विभाग के द्वारा श्रमिक कल्याण हेतु शासन की कौन-कौन सी योजनायें/कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं? योजनान्तर्गत प्रदत्त लाभ के संबंध में बतावें? **(ख)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में वर्ष 2021-22 से 30 जून, 2023 तक कुल कितने श्रमिकों ने श्रमिक पंजीयन करवाया है? वर्षवार, जिलेवार संख्यात्मक जानकारी देंवे? इनमें से कितने पंजीकृत श्रमिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया गया है?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : क) श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत वर्तमान में संचालित योजनाओं एवं देय हितलाभ की मंडलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** बस्तर संभागांतर्गत जिलों में वर्ष 2021-22 से 2023 (दिनांक 30.06.2023 तक) छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों की मंडलवार, जिलेवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत श्रमिक पंजीयन हेतु आवेदन मंगाये जाने का प्रावधान नहीं है अपितु नियोजक द्वारा पोर्टल में ऑनलाइन श्रमिकों की जानकारी इंद्राज किये जाने पर श्रमिक स्वतः पंजीकृत हो जाते है। जिलेवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स** अनुसार है।प्रश्नांकित अवधि में पंजीकृत श्रमिकों में से छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत जिले में मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से 33708 पंजीकृत निर्माण श्रमिकों व उनके परिवार के सदस्यों को, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत जिले में मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से 725 पंजीकृत असंगठित कर्मकारों व उनके परिवार के सदस्यों को तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत जिले में मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से 20 पंजीकृत संगठित श्रमिकों व उनके परिवार के सदस्यों को लाभांवित किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

राईस मिलों से प्राप्त चावल को राशन दुकानों से वितरित किए जाने की शिकायत पर कार्यवाही

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

13. (क्र. 346) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 से प्रश्नावधि तक रायगढ़ एवं सारंगढ-बिलाईगढ़ जिले में विभाग के नान अंतर्गत कितने राईस मिलों से गुणवत्ताहीन (पाखड़) चावल प्राप्त हुआ ? राईस मिलरवार मात्रा सहित जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार क्या पीडीएस दुकानों द्वारा पाखड़ चावल वितरण किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां तो इस पर क्या कार्यवाही की गई है ? **(ग)** विभाग में गुणवत्ताहीन चावल चिन्हांकित करने के क्या मापदण्ड हैं ? क्या मापदण्डों का पूर्ण रूप से पालन किया गया है ?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) प्रश्नांकित अवधि में जिला रायगढ़ एवं सांरगढ़-बिलाईगढ़ में राईस मिलों से गुणवत्ताविहीन (पाखड़) चावल प्राप्त नहीं हुआ है, अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। **(ख)** प्रश्नाश क अनुसार उपरोक्त जिलों के पीडीएस दुकानों में पाखड़ चावल वितरण किये जाने संबंधी शिकायत प्राप्त नहीं हुई। **(ग)** भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित मानक गुणवत्ता युक्त चावल उपार्जन संबंधी निर्देश **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है, तथा इन विर्निदिष्टियों के अंतर्गत नहीं आने वाला चावल गुणवत्ताहीन होता है। प्रश्नांकित अवधि में चावलउपार्जन हेतु निर्धारित मापदंडों का पालन किया गया है।

[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

सेंट्रल पूल में चावल जमा करने संबंधी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

14. (क्र. 351) श्री शिवरतन शर्मा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सत्र 2020-21,2021-22 व 2022-23 में राज्य सरकार द्वारा सेंट्रल पूल में कितना मीट्रिक टन चावल प्रदान किया गया है? **(ख)** केन्द्र सरकार ने चावल का भुगतान किस दर पर किया है तथा राज्य सरकार द्वारा कौन-कौन से खर्च या कर सेंट्रल पूल द्वारा चावल प्रदान करते समय चावल के मूल्य में जोड़ा गया है? **(ग)** राज्य सरकार का उक्त सत्रावधि में चावल प्रदान करने पर केन्द्र सरकार से कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है तथा कितनी राशि प्राप्त होनी शेष है?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क)राज्य शासन द्वारा विकेंद्रीकृत उपार्जन योजना के अंतर्गत सेंट्रल पूल में खरीफ वर्ष 2020-21 में 47.87 लाख मे.टन, वर्ष 2021-22 में 59.84 लाख मे.टन तथा वर्ष 2022-23 में 49.66 लाख मे. टन चावल का प्रदाय किया गया है।**(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ग)** दिनांक 30.06.2023 की स्थिति में राज्य सरकार को खरीफ वर्ष 2020-21 में 14,225.45 करोड़ रूपये राशि प्राप्त हुई है, खरीफ वर्ष 2021-22 में 20,088.64 करोड़ रूपये प्राप्त हुई है तथा खरीफ वर्ष 2022-23 में 14,870.44 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त हुई है । प्रश्नांकित अवधि में केन्द्रीय पूल में प्रदाय चावल के विरूद्ध केन्द्र सरकार से वास्तविक प्राप्ति योग्य राशि एवं शेष राशि का अंतिम निर्धारण इन खरीफ वर्षो के लेखा मिलान कार्य पूर्ण होने तथा केन्द्र सरकार द्वारा इन खरीफ वर्षो के प्रासंगिक व्ययों के अंतिम निर्धारण के उपरांत ही ज्ञात हो सकेगी ।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत चावल का आबंटन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

15. (क्र. 355) डॉ. रमन सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ में निवासरत गरीब परिवारों के लिये प्रतिमाह कितना चावल राज्य को आबंटित किया जाता है? **(ख)** राज्य सरकार द्वारा अप्रैल, 2020 से दिसंबर, 2022 तक इस योजना अंतर्गत कितना चावल का वितरण किया गया? **(ग)** उक्त योजना अंतर्गत क्या प्रदेश के हितग्राहियों से अनियमितता संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई है? यदि हां,तो उन पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है? **(घ)** क्या वर्तमान में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत चावल का वितरण हितग्राहियों को किया जा रहा है?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) प्रश्नांश 'ख' में उल्लेखित अवधि में माह अप्रैल से नवम्बर, 2020 तथा माह मई, 2021 से दिसम्बर, 2022 तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनांतर्गत प्रतिमाह 1,00,385 मेट्रिक टन चावल राज्य को आबंटित किया गया था। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में राज्य सरकार द्वारा इस योजना अंतर्गत 27,61,289 मेट्रिक टन चावल का वितरण किया गया। **(ग)** जी हॉ, विभाग को अनियमितता संबंधी 58 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसमें से जांच उपरांत 48 शिकायतें सही पाई गई एवं 10 शिकायतें निराधार पाई गई। अनियमितता पाई गई दुकानों में से 15 उचित मूल्य दुकानों के आबंटन को निरस्त करते हुए 02 उचित मूल्य दुकानों संचालकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। अनियमितता पाए जाने पर 15 उचित मूल्य दुकानों को निलंबित करते हुए 03 उचित मूल्य दुकान संचालकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है, 06 उचित मूल्य दुकानों के विरूद्ध प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के न्यायालय में तथा 01 खाद्य नियंत्रक के समक्ष विचाराधीन है। 03 उचित मूल्य दुकान के माध्यम से हितग्राहियों को चावल का वितरण कराया गया, 02 उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न की कमी पाए जाने पर आरआरसी जारी कर वसूली की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है तथा 01 प्रकरण में जांच की जा रही है। **(घ)** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की निर्धारित खाद्यान्न पात्रतानुसार जनवरी, 2023 से निःशुल्क आबंटित चावल का वितरण हितग्राहियों को किया जा रहा है।

मॉब लिचिंग, मानव तस्करी एवं पशु तस्करी के दर्ज प्रकरण

[गृह]

16. (क्र. 372) श्री धर्मजीत सिंह : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत विगत 03 वर्षों में कितने मॉब लिचिंग, मानव तस्करी एवं पशु तस्करी के प्रकरण दर्ज किए गए हैं? विस्तृत विवरण देवें? **(ख)**कंडिका "क" के प्रकरणों में कहां-कहां, कितने व्यक्तियों एवं पशुओं को मुक्त कराया गया है? विस्तृत विवरण देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य में विगत् 03 वर्षों में मॉब लिंचिंग के प्रकरण निरंक हैं। मानव तस्करी एवं पशु तस्करी के दर्ज प्रकरणों की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र ''ब'' एवं प्रपत्र ''स''** अनुसार है।

विधानसभा क्षेत्र पामगढ़ अंतर्गत भवन, पुल, पुलिया, सड़क की मरम्मत/संधारण कार्य में व्यय राशि

[लोक निर्माण]

17. (क्र. 383) श्रीमती इंदू बंजारे : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विधानसभा क्षेत्र पामगढ़ अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 में कितने भवन, पुल, पुलिया, सड़क की मरम्मत/संधारण किया गया है ? उनमें कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है? कार्य का नाम, व्यय राशि सहित जानकारी देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

जांजगीर-चाम्पा जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुख्य बजट में शामिल कार्य

[लोक निर्माण]

18. (क्र. 384) श्रीमती इंदू बंजारे : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर चांपा जिला में वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुख्य बजट में कौन - कौन से कार्य को शामिल किया गया है ? कार्य का नाम, लागत राशि की जानकारी देवें ? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुख्य बजट में शामिल कितने कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति दी गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** शून्य। कार्यवाही प्रक्रियाधीन।
[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

रामायण महोत्सव आयोजन में व्यय राशि

[संस्कृति]

19. (क्र. 390) श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या वर्ष 2023 में रामायण महोत्सव का आयोजन किया गया था ? यदि हां, तो कहां एवं कब से कब तक ? क्या उक्त आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया था ? यदि हां, तो आयोजन में कितनी-कितनी राशि किस-किस प्रयोजन से खर्च की गई ? आयोजन में कुल कितनी राशि का व्यय हुआ ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के कार्यक्रम में प्रदेश एवं देश के किन-किन कलाकारों/कवि/गायकों ने अपनी प्रस्तुति दी एवं इस हेतु कितनी-कितनी राशि का भुगतान उन्हें किया जाना था एवं कितनी राशि का भुगतान किया गया है ? कितनी राशि का भुगतान किन कारणों से लंबित है ? लंबित भुगतान कब तक कर दिया जायेगा ? **(ग)** प्रश्नांश 'क' एवं 'ख' के संबंध में अनियमितता / भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई ? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार/जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) रायगढ़ में दिनांक 01 से 03 जून 2023 तक राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में 08 सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कियेगये। किये गये व्यय का विवरण:-

क्र	कार्य विवरण	व्यय राशि रूपये
1	पुरस्कार (विजेता दल)	10,00,000/-
2	राष्ट्रीय एवं राज्य के कलाकारों का मानदेय	1,40,68,000/
3	कलाकार दलों का दैनिक एवं यात्रा व्यय	10,46,788/-
4	निर्णायक मंडल सदस्यों का मानदेय/यात्रा व्यय	1,26,600/-
5	हाई-टी एवं स्वल्पाहार	3,08,588/-
6	आवास एवं भोजन व्यवस्था	85,06,062/-
7	परिवहन व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर कलाकार	18,08,830/-
8	परिवहन व्यवस्था स्थानीय स्तर	9,00,670/-
9	हवाई यात्रा विदेशी एवं राष्ट्रीय कलाकार	38,64,359/-
10	स्मृति चिन्ह स्वागत सत्कार	4,45,200/-
11	प्रमाण पत्र, परिचय पत्र, डेमो चेक	48,390/-
12	श्रीरामचरित मानस पुस्तक	50,900/-
13	प्रचार-प्रसार संवाद के माध्यम से	देयक अप्राप्त
14	राजकीय गमछा छ.ग.राज्य हथकरघा विकास बोर्ड	देयक अप्राप्त
15	टेंट, लाईट व्यवस्था, साउण्ड/माईक	देयक अप्राप्त
16	रेल टिकट शुल्क राष्ट्रीय कलाकार	देयक अप्राप्त
17	उद्घोषक/मंच सहायक	देयक अप्राप्त
कुल राशि		3,21,74,387/-
(राशि रू. तीन करोड़ इक्कीस लाख चौहत्तर हजार तीन सौ सत्यासी मात्र)		

(ख) उक्त आयोजन में आमंत्रित कलाकार दलों का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र	कलाकार का नाम	देश/प्रदेश	भुगतान राशि रूपये
1	सुश्री सण्मुख प्रिया एवं श्री शरद शर्मा	देश	16,50,000/-
2	श्री लखबीर सिंह लक्खा	देश	18,50,000/-
3	श्री हंसराज रघुवंशी	देश	27,50,000/-
4	सुश्री मैथिली ठाकुर	देश	15,93,000/-
5	श्री कुमार विश्वास	देश	60,00,000/-
6	श्री दिलीप षडंगी	प्रदेश	1,13,000/-
7	श्री देवेश शर्मा	प्रदेश	79,000/-
8	श्री गुलाराम रामनमी	प्रदेश	33,000/-
कुल राशि			1,40,68,000/-
(राशि रू. एक करोड़ चालीस लाख अड़सठ हजार मात्र)			

- सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये देश एवं प्रदेश के सभी कलाकारों का भुगतान किया गया है, लंबित भुगतान निरंक है। **(ग)** उक्त आयोजन के संबंध में अनियमितता/भ्रष्टाचार संबंधी किसी भी प्रकार शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है, अतः जानकारी निरंक है।

रायपुर स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड में दुकानों के निर्माण एवं आबंटन

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

20. (क्र. 392) श्री बृजमोहन अग्रवाल : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रावणभाठा, रायपुर स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड का निर्माण किस मद से, कितनी राशि से, किस एजेन्सी के द्वारा किया गया है ? बस स्टैण्ड के ले-आऊट में किन-किन कार्यों के लिए कितनी-कितनी जमीन आरक्षित/निर्धारित की गई थी ? कुल कितने वर्ग फुट में बस स्टैण्ड का निर्माण होना था ? **(ख)** कंडिका ''क'' के बस स्टैण्ड में कितने दुकान/व्यावसायिक परिसर/ कार्यालय का निर्माण किया जाना था व उनका वितरण/आबंटन किन-किन आधार पर किसको-किसको किया जाना था ? आबंटन सूची उपलब्ध करावें ? **(ग)** क्या अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड के ले आऊट से अतिरिक्त दुकानों का निर्माण किया गया है ? यदि हां, तो किन नियमों के तहत कितनी दुकानों का किनके द्वारा निर्माण किया गया है व इन दुकानों का आबंटन किस आधार पर और किसको किया जाना है ? **(घ)** क्या अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड के अंदर यात्रियों के बैठने के चबुतरों पर भी दुकान का निर्माण किया गया है ? यदि हां, तो कब, किसके आदेश पर, किस मद से कितनी दुकानों का निर्माण किया गया है ? इन चबूतरों को किस आधार पर, किसको-किसको आबंटित किया गया है ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) रावणभाठा, रायपुर स्थित अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड का निर्माण अधोसंरचना मद से राशि रू. 47.69 करोड़ की लागत से फर्म डी.व्ही. प्रोजेक्ट लिमि. कोरबा के द्वारा किया गया। बस स्टैण्ड के निर्माण हेतु 25 एकड़ भूमि प्राप्त हुई थी, जिसकी ले-आउट में भवन हेतु 17756 वर्ग फीट तथा शेष पार्किंग एवं अन्य उपयोग हेतु रखा गया है। **(ख)** बस स्टैण्ड में कुल 55 दुकान, 25 व्यवसायिक परिसर, 36 कार्यालय का निर्माण किया गया है। सोसायटी द्वारा निविदा के माध्यम से 14 दुकान आबंटित कर अनुबंध किया गया है तथा श्री बालाजी स्वामी ट्रस्ट श्री दुधाधारी मठ रायपुर को 15 दुकान हस्तांतरित किया गया है, **जिसकी जानकारी संलग्नप्रपत्र अनुसार है। (ग)** अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड भाठागांव में 102 अतिरिक्त दुकानों का निर्माण पंडरी में व्यवसायरत व्यवसायियों के व्यवस्थापन हेतु रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किया गया है। इन दुकानों का आबंटन पंडरी में व्यवसायरत व्यवसायियों को जोन क्रमांक 02 के माध्यम से किये गये सर्वे एवं सहमति के आधार पर कर दिया गया है। इसके अलावा 13 बुकिंग काउंटर एवं 08 कियोस्क का निर्माण अतिरिक्त कराया गया है जिसका आबंटन निविदा के माध्यम से बस ऑपरेटर एवं दुकानदारों को किया गया है। **(घ)**जी नहीं। यात्रियों के बैठने हेतु अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल मुख्य भवन के भूतल में पृथक से स्टील चेयर की व्यवस्था की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

प्रदेश में दर्ज विभिन्न आपराधिक प्रकरण उनका निराकरण

[गृह]

21. (क्र. 403) श्री डमरूधर पुजारी : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2019 से जून, 2023 तक प्रदेश में कितने प्रकरण चोरी, डकैती, हत्या, रेप, हत्या के प्रयास, मानव तस्करी, जुआ, सट्टा, नशीली पदार्थ में कार्यवाही, ठगी तथा अवैध शराब के पंजीबद्ध किये गये ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के कितने प्रकरणों में अपराधी पकड़े जा चुके हैं ? कितने अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं ? कितने प्रकरणों में माननीय न्यायालयों में चालान प्रस्तुत किया जा चुका है ? कितने में जांच प्रक्रियाधीन है ? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** वर्ष 2022-23 से प्रश्नांकित अवधि तक बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कितने नवीन थाना/चौकी खोलना प्रस्तावित है ? कितने प्रारम्भ हो चुके हैं? कितने किन कारणों से लंबित हैं? कब तक प्रारम्भ हो जायेंगे ? **(ग)** देश में छत्तीसगढ़ का उपरोक्त आपराधिक मामलों में स्थान क्या है ? अपराधों की रोकथाम हेतु विभाग द्वारा क्या-क्या प्रयास किये जा रहे हैं एवं क्या-क्या परिणाम परिलक्षित हुए ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** अनुसार

है। **(ख)** वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** अनुसार है।**(ग)** निरंक। शेषांश उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

गरियाबंद जिले में गांजा तस्करी के दर्ज प्रकरण

[गृह]

22. (क्र. 404) श्री डमरूधर पुजारी : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी 2019 से दिनांक 25 जून, 2023 तक गरियाबंद जिले में गांजा तस्करी के कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं ? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करायें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' के संबंध में प्रश्नांकित अवधि तक कितनी मात्रा में गांजा जब्त किया गया एवं कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है एवं उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? प्रश्नांकित अवधि तक गांजा की तस्करी रोकने हेतु क्या-क्या प्रयास किये गये हैं ? किये गये प्रयास के क्या परिणाम परिलक्षित हुए ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की वर्षवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि तक 2154.142 कि.ग्रा. गांजा जप्त किया गया है एवं 121 लोगों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। शेषांश की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

सिहावा वि.स. क्षेत्रांतर्गत लोक निर्माण विभाग के बजट में शामिल कार्यों की वित्तीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

23. (क्र. 410) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 25 जून, 2023 तक कितने सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य को बजट में शामिल किया गया था? जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' के कितने कार्य की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है एवं उनकी भौतिक स्थिति क्या है? जानकारी देवें ? **(ग)** कंडिका ''क'' के बजट में शामिल कितने कार्य अभी तक स्वीकृत नहीं हुए हैं? उन्हें कब तक स्वीकृति दी जावेगी ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

राजनांदगांव में दिग्विजय स्टेडियम का नवनिर्माण

[लोक निर्माण]

24. (क्र. 411) श्री दलेश्वर साहू : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या लोक निर्माण विभाग द्वारा राजनांदगांव में दिग्विजय स्टेडियम का नवनिर्माण किया गया है? यदि हाँ, तो नवनिर्माण के पूर्व स्टेडियम में कितने नग फ्लड लाइट टावर निर्मित थे? निर्माण के समय फ्लड लाइट टावर, अन्य विद्युतीकरण सम्बंधित उपयोगी व अनुपयोगी सामग्री का उपयोग कहाँ किया गया है? क्या दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा उक्त सामग्री की वापसी के संबन्ध में कोई पत्राचार किया गया है? विभाग द्वारा सामग्री वापसी कब की गयी? यदि नहीं, तो क्या कारण हैं? जानकारी देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : जी हॉ। 06 नग फ्लड लाइट टावर निर्मित थे। उपयोग इस विभाग द्वारा नही किया गया है। जी हॉ, दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा उक्त सामग्री की वापसी के संबंध में पत्राचार किया गया है। पुराने फ्लड लाइट टावर को जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के द्वारा दिनांक 03.07.2020 को अपने आधिपत्य में लेकर हटाया गया है। पुराने दिग्विजय स्टेडियम के बॉस्केटबाल इंडोर हॉल में लगी विद्युत सामग्री (पंखा, एक्जास्टफेन, लाईट आदि) को अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. (वि./यां) उपसंभाग

राजनांदगांव द्वारा दिनांक 31.12.2020 को केन्द्र प्रभारी, भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र राजनांदगांव को सौपा गया है।

राजनांदगांव में दिग्विजय स्टेडियम नवनिर्माण के पूर्व उपयोगी/ अनुपयोगी सामग्री का हस्तांतरण
[लोक निर्माण]

25. (क्र. 412) श्री दलेश्वर साहू : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या लोक निर्माण विभाग द्वारा राजनांदगांव में दिग्विजय स्टेडियम का नवनिर्माण किया गया है? यदि हाँ, तो नवनिर्माण के पूर्व पुराने स्टेडियम में कौन-कौन सी उपयोगी/अनुपयोगी सामग्री उपलब्ध थी? उक्त सामग्रियों को नवनिर्माण के पूर्व किसकी अनुमति से, कब और किसे हस्तांतरित किया गया? सामग्रीवार जानकारी देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की गुणवत्ता की शिकायत पर कार्यवाही
[लोक निर्माण]

26. (क्र. 418) श्री चंदन कश्यप : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला नारायणपुर, बस्तर एवं कोण्डागांव में लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष जनवरी, 2019 से जून, 2023 तक कौन-कौन सी सड़कों का निर्माण कार्य कराया गया है? जिलेवार, कार्य व लागत की वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार कौन-कौन से कार्य पूर्ण, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ हैं ? प्रगतिरत एवं अप्रारंभ निर्माण कार्यों को कब तक पूर्ण कर लिया जावेगा ? **(ग)** क्या प्रश्नांश ''क'' अनुसार निर्मित सड़कों के जर्जर होने या गुणवत्ताविहीन निर्माण की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चिन्हित एवं प्रस्तावित पर्यटन स्थल
[पर्यटन]

27. (क्र. 431) श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ अंतर्गत पर्यटन स्थल के रूप में कौन-कौन से स्थान चिन्हांकित हैं ? पर्यटन को विकसित करने हेतु इन स्थलों पर वर्ष 2020 से 30 जून, 2023 तक किस कार्य हेतु, कितनी राशि स्वीकृत एवं व्यय की गई है ? मदवार जानकारी प्रदान करें ? **(ख)** विगत 5 वर्षों में डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कौन-कौन से धार्मिक स्थल, जलाशय, वन क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु मांग की गई है ? उपरोक्त मांग पर क्या कार्रवाई की गई है ? **(ग)** शासन द्वारा विधानसभा क्षेत्र डोंगरगढ़ अंतर्गत कहां-कहां पर्यटन के नए केंद्र विकसित किया जाना प्रस्तावित है ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) विधान सभा क्षेत्र डोंगरगढ़ अंतर्गत डोंगरगढ़ (जिला-राजनांदगॉव) पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हांकित है। उपरोक्त चिन्हांकित पर्यटन स्थल को विकसित करने हेतु वर्ष 2020 से 30 जून, 2023 तक स्वीकृत कार्यों, स्वीकृत राशि एवं व्यय राशि का विवरण **संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार** है। **(ख)** विगत 5 वर्षों में डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित स्थलों को विकसित करने हेतु प्राप्त प्रस्तावों एवं उस पर की गयी कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार** है। **(ग)** वर्तमान में डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में नए पर्यटन केन्द्र विकसित किये जाने की योजना प्रस्तावित नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा निर्मित दुकान/हाल आबंटन की जारी निविदा

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

28. (क्र. 450) श्री ननकी राम कंवर : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या नगर पालिक निगम, कोरबा के द्वारा निर्मित दुकान/हाल आबंटन हेतु निविदा की आम सूचना माह फरवरी, मार्च, अप्रैल, 2022 में जारी की गयी थी ? यदि हां, तो कहां–कहां के, कितने-कितने दुकानों की ? **(ख)** निविदा प्रपत्र प्राप्ति तथा जमा करने की अंतिम तिथि क्या थी ? कितने आवेदन प्राप्त हुए ? **(ग)** किस-किस दुकानों की उच्चतम दर क्या-क्या थी ? क्या दुकानों का आबंटन कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? कब तक किया जावेगा ? विलंब हेतु कौन दोषी है ? उच्चतम दरों के आवेदकों की सूची देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (**(क)** नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा दुकान/हाल के आबंटन हेतु निविदा सूचना माह-अप्रैल 2022 में जारी किया गया था। स्थान, दुकानों की संख्या आदि का **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** निविदा प्रपत्र प्राप्ति, जमा करने की अंतिम तिथि, कुल प्राप्त आवेदन का **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है।(ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।** **[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]**

वि.स. क्षेत्र जैजैपुर के बेलादुला से कलमीडीह एवं छितापड़रिया से खम्हरिया सड़क निर्माण

[लोक निर्माण]

29. (क्र. 452) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर के अंतर्गत बेलादुला से कलमीडीह एवं छितापड़रिया से खम्हरिया सड़क को बजट में कब शामिल किया गया? बतायें ? **(ख)** उपरोक्त सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति कब प्राप्त हुई और निविदा आंमत्रित कब की गयी और उक्त सड़क निर्माण की अवधि क्या है ? **(ग)** वर्तमान में सड़क निर्माण की स्थिति क्या है और कब तक सड़क निर्माण कराया जावेगा ? बतायें ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

प्रदेश में विधायक निधि से स्वीकृत होने वाले कार्यो में शेड निर्माण की अनुमति

[योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी]

1. (क्र. 10) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या यह सत्य है कि योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने प्रदेश के चौराहों पर वर्षा तथा तेज धूप से बचाव हेतु विधायक निधि से स्वीकृत किये जाने वाले शेड निर्माण स्वीकृति पर रोक लगा दी है? हां तो क्यों ?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के संबंध में प्रसारित मार्गदर्शी निर्देशों में अनुमेय नहीं सूची में उक्त प्रयोजन प्रारंभ से सम्मिलित नहीं है।

रायपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित मंदिरों में जीर्णाद्धार के लिए राशि स्वीकृति

[धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व]

2. (क्र. 11) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि कलेक्टर रायपुर के माध्यम से नियमानुसार विधिवत 8 मंदिरों का जीर्णोद्धार (रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र) के लिए प्रस्ताव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग को दिनांक 4 जनवरी, 2022 को भेजे गये थे ? यदि हां तेा इनमें से कितने कार्य की स्वीकृति जारी हुई , कितने कि शेष है तथा यह कब तक जारी की जायेगी ? विलंब हेतु कौन जिम्मेदार है ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : जी हॉ। इनमें से 03 कार्यो के स्वीकृति आदेश जारी किये गये हैं। 05 कार्य हेतु विभागीय अनुदान नियमों में अनुदान दिये जाने का प्रावधान नहीं है। शेष का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध कायर्वाही

[गृह]

3. (क्र. 27) श्री अजय चन्द्राकर : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जनवरी, 2019 से 20 जून, 2023 की स्थिति में कितने चिटफंड कंपनियों के मालिक गिरफ्तार हुये व कितने अब भी फरार हैं? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अवधि में कितने चिटफंड कंपनियों की संपत्ति, कुर्क/नीलामी की गयी है तथा उस नीलामी से कितनी राशि प्राप्त हुयी? प्राप्त राशि में से कितने पीड़ित लोगों को किस आधार पर, उनका पैसा वापस लौटाया गया? **(ग)** उक्त दिनांक की स्थिति में कितनी कंपनियों की संपत्ति कुर्क/नीलामी करना शेष है और शेष होने का कारण क्या है ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधि तक अनियमित वित्तीय कंपनियों के कुल 431 मालिक/संचालकों की गिरफ्तारी की गई है तथा 492 संचालक फरार हैं।**(ख)** माननीय न्यायालय द्वारा 47 अनियमित वित्तीय कंपनियों की कुल 116 करोड़ 70 लाख 16 हजार 246 रूपये की संपत्ति कुर्की का अंतिम आदेश किया गया है जिसमें से 36 कंपनियों की संपत्ति की नीलामी/वसूली/राजीनामा की कार्यवाही कर कुल 54 करोड़ 88 लाख 36 हजार 946 रूपये की राशि शासन के खाते में राशि प्राप्त हुई है। प्राप्त राशि में से 45 हजार 754 निवेशकों को निवेशित राशि के सम-अनुपात में कुल 33 करोड़ 70 लाख 15 हजार 116 रू0 वापिस लौटायी गयी है।**(ग)** माननीय न्यायालयों में 57 अनियमित वित्तीय कंपनियों की संपत्ति की कुर्की एवं

नीलामी हेतु अंतिम/अंतरिम आदेश की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। 100 अनियमित कंपनियों की संपत्ति के चिन्हांकन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

प्रदेश में विभिन्न अपराधों के दर्ज प्रकरण

[गृह]

4. (क्र. 28) श्री अजय चन्द्राकर : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में वर्ष 2019 से 20 जून, 2023 तक आत्महत्या, सामूहिक आत्महत्या, किसान आत्महत्या, दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, मानव तस्करी, महिला तस्करी, लूट, हत्या, अपहरण, अवैध शराब बिक्री, गांजा तस्करी, ठगी , सड़क हादसा के कितने-कितने प्रकरण दर्ज हैं, वर्षवार बतायें ? **(ख)** उक्त वर्षो में 20 जून, 2023 की स्थिति में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति की महिलाओं के साथ दुष्कर्म एवं महिला उत्पीड़न के कितने मामले दर्ज हैं? **(ग)** एन.सी.आर.बी रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्षो का क्राईम दर कितना-कितना है?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''ब''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''स''** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]**

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि से स्वीकृत अपूर्ण कार्य

[योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी]

5. (क्र. 44) श्री सौरभ सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2020 से 20 जून, 2023 तक किस-किस ग्राम पंचायत में कौन-कौन से और कितने कार्य विधायक निधि से स्वीकृत किये गये हैं ? इनमें से कितने कार्य किस कारण से अपूर्ण हैं ? अपूर्ण कार्य के कारण सहित जानकारी बताए ? **(ख)** उपरोक्त अपूर्ण कार्य के लिए किस-किस अधिकारी द्वारा दिशा निर्देश प्रदान किये गये हैं ? कार्य पूर्ण न करने वाली एजेंसियों पर क्या-क्या कार्यवाही दिनाॅक 20/06/2023 तक की गई हैं ?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** रखे **प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कलेक्टर, जांजगीर-चांपा द्वारा दिनांक 13.08.2020, 15.06.2021, 17.11.2021, 13.12.2021, 12.05.2022 एवं 28.06.2023 को क्रियान्वयन एजेंसी को स्वीकृत कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा समय-समय पर सम्पन्न समय-सीमा की बैठकों में क्रियान्वयन एजेंसी को कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। क्रियान्वयन एजेंसी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।

केन्द्र सरकार द्धारा सेंट्रल पुल के लिए राज्य सरकार से ख़रीदा गया चावल

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

6. (क्र. 45) श्री सौरभ सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-पिछले 4 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 20.6.2023 तक केन्द्र सरकार ने सेंट्रल पूल के लिए राज्य सरकार से प्रति वर्ष कितना चावल खरीदा हैं और उपरोक्त चावल के विरूद्ध में कितनी राशि, किस दर से कब-कब भुगतान की गयी हैं ?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : विकेंद्रीकृत उपार्जन योजना के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा सेंट्रल पूल के लिए राज्य सरकार से चावल खरीदा नहीं जाता हैं, अपितु केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित अधिप्राप्ति मूल्य पर उपार्जित किया जाता है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

7. (क्र. 76) श्री शैलेश पांडे : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-दिनांक 1 जनवरी 2021 से 30 जून 2023 तक बिलासपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में विभिन्न मदों से हुए विकास निर्माण कार्यों की वार्ड वार, वर्ष वार जानकारी प्रदान करें।

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र अनुसार है।

सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सड़क निर्माण की स्वीकृति

[लोक निर्माण]

8. (क्र. 127) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सत्र 2018 से वर्ष 2022 -23 तक सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड सारंगढ़ तथा बरमकेला में कितने सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली एवं कितनी सड़कों का कार्य पूर्ण हो गया है और कितनी सड़कें निर्माणाधीन है?वर्ष वार जानकारी उपलब्ध करावे? **(ख)** वर्ष 2018 से 2022- 23 तक सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड सारंगढ़ एवं बरमकेला में कितने सेतु पुल निर्माण कार्य स्वीकृत हुए और कितने कार्य पूर्ण हुए और कितने कार्य निर्माणाधीन हैं? कृपया जानकारी देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

उच्च पदों पर वरिष्ठ अधिकारी के स्थान पर कनिष्ठ अधिकारियों को प्रभार दिया जाना व जांच प्रकरण

[लोक निर्माण]

9. (क्र. 215) श्री धरम लाल कौशिक : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** लोक निर्माण विभाग में कार्यपालन अभियंता व उससे उच्च पदों पर कुल कितने अधिकारी के पद स्वीकृत, भरे व रिक्त हैं? 30 जून, 2023 की स्थिति में कितने पदों पर प्रभारी अधिकारी तथा वरिष्ठ अधिकारी के स्थान पर कनिष्ठ अधिकारी प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे हैं? संवर्गवार जानकारी देवें? **(ख)** क्या यह सही है कि वरिष्ठ अधिकारियों के रहते, उनकी वरिष्ठता की अनदेखी कर कनिष्ठ अधिकारी को प्रभार नही दिया जा सकता है? इस संबंध में नियम-निर्देश क्या हैं? क्या इन नियमों का पूर्णतः पालन विभागांतर्गत किया जा रहा है? **(ग)** कंडिका 'क' अनुसार अधिकारियों में किन-किन अधिकारियों के विरूद्व विभागीय जांच, ईओडब्लू, एसीबी, लोक आयोग के द्वारा जांच की जा रही है? अधिकारीवार, एजेंसीवार जानकारी देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है। **(ख)** जी हां। तत्संबंध में छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय रायपुर के परिपत्र क्रमांक एफ 9-2/2011/1-3 दिनांक 04 अगस्त 2011 के द्वारा निर्देश जारी किया गया है। उपरोक्त निर्देशानुसार एवं युक्तियुक्त प्रशासकीय कारणों से कनिष्ठ अधिकारियों को वरिष्ठ पद का कार्यभार सौंपा जाता है। **(ग)** कंडिका 'क' अनुसार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के विरूद्व चल रही विभागीय जॉच की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'**, तथा ईओडब्ल्यू/एसीबी में चल रही जॉच की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'स'** तथा लोक आयोग में चल रही जॉच की जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'द'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

प्रदेश में विभिन्न अपराधों के दर्ज प्रकरण

[गृह]

10. (क्र. 216) श्री धरम लाल कौशिक : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में 1 जनवरी, 2019 से जून, 2023 तक अपहरण, बलात्कार, बलवा, डकैती, हत्या, नागरिकों काे डराकर पैसा या सामग्री लूटने एवं इंसानों के गुम होने के कितने प्रकरण दर्ज किये गए हैं? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रदेश में कंडिका ''क'' की अवधि में कुल कितने साम्प्रदायिक दंगे/झड़प/बलवा हुये हैं कितने व्यक्तियों के विरूद्व अपराध पंजीबद्ध किये गये हैं? वर्षवार जानकारी देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

प्रदेश में संचालित डॉयल112 सिस्टम को ऑपरेट करने में व्यय राशि

[गृह]

11. (क्र. 223) श्री अरुण वोरा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्तमान में प्रदेश के कितनों जिलों में सिंगल नम्बर डायल 112 की सुविधा उपलब्ध है? इस सेवा को ऑपरेट करने वाली एजेंसी का एग्रीमेंट कब तक है? इस सिस्टम को ऑपरेट करने में सालाना कुल कितनी राशि खर्च की जा रही है? **(ख)** डायल 112 के तहत् कौन-कौन सी सुविधाएं प्रदान की जाती है?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) वर्तमान में डॉयल-112 सेवा राज्य के कुल 16 जिलों में संचालित है। डॉयल-112 सेवा को ऑपरेट करने वाली एजेंसी Tata Projet Limited (TPL) एग्रीमेंट सितम्बर 2018 से 31 अगस्त 2023 तक की अवधि के लिए है। डॉयल-112 सेवा हेतु Operatopn & Maintenance में सालाना होने वाली व्यय के संबंध में जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।डॉयल-112 सेवा अंतर्गत आपातकालीन स्थिति में आम जनता को पुलिस, फायर (अग्नि) और एम्बुलेंस संबंधित समस्याओं में तत्काल सहायता पहुंचायी जाती है। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से सीनियर सिटीजन को सहायता, धान खरीदी संबंधी प्रकरण में सहायता, असुरक्षित महिलाओं को सुरक्षित स्थान या गतंव्य तक पहुंचाने में सहायता एवं अभिव्यक्ति एप के माध्यम से महिलाओं को सहायता देना आदि सुविधाएं प्रदान की जाती है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

प्रदेश में नक्सली हमले शहीद हुए जावनों की संख्या

[गृह]

12. (क्र. 224) श्री अरुण वोरा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-प्रदेश के बस्तर संभाग में वर्ष 2019 से मई, 2023 तक नक्सली हमले में कुल कितने जवान शहीद हुए हैं? वर्षवार व जिलेवार जानकारी दें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : प्रदेश के बस्तर संभाग में प्रश्नाधीन अवधि में कुल 134 जवान शहीद हुये हैं। शहीद जवानों की वर्ष एवं जिलेवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों

[श्रम]

13. (क्र. 231) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने पंजीकृत श्रमिक हैं तथा उनमें से कितने को, किन-किन योजनाओं के तहत 2020 से दिनांक 30 जनू, 2023 तक लाभांवित किया गया? विकासखण्डवार लाभांवित श्रमिकों के संख्या की जानकारी देवें?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : मुंगेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 30 जून 2023 तक की स्थिति में श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल में 245 संगठित श्रमिक, छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में 15,726 निर्माण श्रमिक तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में 15,711 असंगठित कर्मकार पंजीकृत है।वर्ष 2020 से दिनांक 30 जून 2023 तक छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल द्वारा संचालित योजनाओं से लाभांवितों की जानकारी **निरंक** है।छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं के माध्यम से लाभांवितों की मंडलवार, विकासखण्डवार तथा योजनावार जानकारी संलग्न **प्रपत्र-'अ'** एवं **'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

मुंगेली वि.स.क्षेत्र की खराब एवं जर्जर सड़कों की मरम्मत

[लोक निर्माण]

14. (क्र. 232) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में 05 वर्षो के पूर्व निर्मित कितनी सड़कें एवं मार्ग जर्जर एवं क्षतिग्रस्त हैं? वर्ष 2020 से दिनांक 20 जून,2023 तक कितनी सडकों एवं मार्गो के संधारण, मरम्मत के कितने कार्य कितनी राशि के किये गये? वर्षवार बतावें? वर्तमान में ऐसी कितनी सड़क एवं मार्ग हैं, जिनकी मरम्मत किये जाने हेतु, शासन स्तर पर प्रस्ताव लंबित है तथा कब तक मरम्मत की जावेगी? **(ख)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दशरंगपुर,किशनपुर से गोईन्द्री,सोढार से जगताकापा,बरेला से कुकुसदा,बरछा से कुकुसदा,दाबो छटन से दामापुर,सेतगंगा से पण्डोतरा,बांकी से चालान चातरखार,पलानसरी से भदराली,सिपाही से भुरका सिल्ली से छटन, बांकी से चमारी,हरियरपुर से बोंदापारा फागुपारा टेढाधौरा, सिपाही जर्जर एवं क्षतीग्रस्त मार्गो की मरम्मत एवं संधारण कार्य हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है? कब तक संधारण कार्य किया जावेगा? समयावधि बतावें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र- 'ब'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा बजट में शामिल सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

15. (क्र. 234) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में किन-किन सड़कों को बजट में शामिल किया गया है? बतावें? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार उपरोक्त सड़कों में किन-किन सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी हुई है और किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है? बतायें? **(ग)** वितीय वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में बजट में शामिल ऐसी सड़कें, जो प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिलने के कारण बजट से बाहर हो गयी हैं, के क्या कारण हैं जानकारी देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

रायपुर में स्काईवॉक की उपयोगिता पर निर्णय

[लोक निर्माण]

16. (क्र. 240) डॉ. रेणु अजीत जोगी : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर शहर स्थित स्काईवॉक के भविष्य पर शासन द्वारा अंतिम निर्णय लिया गया है? **(ख)** क्या अधूरे निर्मित स्काईवॉक के कुछ हिस्से जर्जर हो चुके हैं? उनके जमीन पर गिर जाने से जानमाल को होने वाले नुकसान का क्या विभाग द्वारा कोई आंकलन किया गया है? यदि हाँ, तो विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जी नहीं। **(ख)** जी नहीं। अतः प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश और पुलिस कल्याण कोष में शासकीय अनुदान

[गृह]

17. (क्र. 241) डॉ. रेणु अजीत जोगी : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या आत्मसात जन घोषणापत्र में सत्ताधारी दल द्वारा पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने का वादा किया गया था? यदि हाँ, तो पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने की घोषणा कब की गयी थी? 15 जून, 2023 की स्थिति में कौन-कौन से जिलों में पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश दिया जा रहा है? **(ख)** क्या जन घोषणापत्र में किये गए वादे अनुसार पुलिसकर्मियों के आवास एवं बच्चों की शिक्षा हेतु पुलिस कल्याण कोष में शासन द्वारा शासकीय अनुदान दिया गया है? यदि हाँ, तो 01 जनवरी, 2019 से 15 जून, 2023 तक पुलिस कल्याण कोष में कितना शासकीय अनुदान प्राप्त हुआ है?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) जी हॉ। पुलिस कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने हेतु दिनांक 09.03.2019 को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। 15 जून 2023 की स्थिति में जिला दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, बेमेतरा, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा, बस्तर, कोण्डागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर, सरगुजा, जशपुर, कोरिया, बलरामपुर, सूरजपुर, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश दिया जा रहा है। **(ख)** जी हॉ। प्रश्नाधीन अवधि में कुल 35 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ।

नगर पालिक निगम धमतरी के अंतर्गत जल आवर्धन योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

18. (क्र. 251) श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या नगर पालिक निगम धमतरी के अंतर्गत जल आवर्धन योजना के अंतर्गत कार्य निर्माणाधीन है? यदि हां, तो उक्त योजना की स्वीकृति कब प्राप्त हुई थी? उक्त योजना के अंतर्गत कौन-कौन से कार्य करने थे? कार्य की अनुबंध लागत कितनी थी एवं कब तक पूर्ण करना था? जानकारी देवें? **(ख)** उक्त कार्य के अंतर्गत वर्तमान में कौन-कौन से कार्य पूर्ण हो गये हैं एवं कौन-कौन से कार्य प्रगतिरत हैं? आज दिनांक तक कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गये हैं एवं कितने प्रतिशत कार्य हेतु ठेकेदार को कुल कितनी राशि भुगतान की गई है? वर्तमान में कार्य प्रारंभ हैं कि ठेकेदार ने काम बंद कर दिया है? यदि बंद कर दिया है तो निगम के द्वारा क्या कार्यवाही की गई?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जी हां।कार्य निर्णाधीन है। जल आवर्धन योजना

की प्रशासकीय स्वीकृति दिनांक 25.09.2018 को तथा वित्तीय स्वीकृति दिनांक 20.09.2019 को प्राप्त हुई थी। उक्त योजना के अंतर्गत निम्न कार्य करने है।
- ओव्हर हेड टैंक निर्माण कार्य -03 नग
- पाईप लाईन विस्तार कार्य-84 कि.मी.
- फिल्टर प्लांट निर्माण कार्य-09 एम.एल.डी. क्षमता। कार्य की अनुबंध लागत 3427.62 लाख रू. थी।
उक्त योजना को पूर्ण करने हेतु समयवृद्धि के साथ 30 माह निर्धारित थी। माह दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करना है। **(ख)** उक्त कार्य के अंतर्गत वर्तमान में 03 नग ओव्हर हेड टैंक निर्माण कार्य पूर्ण हो गये हैं। पाईप लाईन विस्तार कार्य प्रगतिरत् है। पाईप लाईन विस्तार कार्य 51: (43 कि.मी.) पूर्ण हुआ है। उपरोक्त कार्यों हेतु ठेकेदार को कुल राशि 1554.93 लाख रू. भुगतान की गई है।

पंडरिया विधान सभा क्षेत्र में राशन दुकानों हेतु गोदाम निर्माण

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

19. (क्र. 338) श्रीमती ममता चन्द्राकर : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र पंडरिया के अंतर्गत संचालित राशन दुकानों के लिए वर्ष 2019 से जून, 2023 तक कितने गोदाम निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है एवं कितने गोदाम का निर्माण हो चुका है और कितना शेष है ? कितने गोदाम जर्जर है? विकासखंवार जानकारी बताएं? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के अंतर्गत उक्त अवधि में कितनी राशन दुकानें भवन-विहीन हैं ? इन भवन-विहीन दुकानों एवं जर्जर गोदामों का भवन निर्माण एवं जीर्णोद्वार कब तक किया जायेगा ? बताएं?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार उक्त अवधि में विधानसभा क्षेत्र पंडरिया अंतर्गत 24 उचित मूल्य दुकान शासकीय भवन विहीन है। भवन-विहीन दुकानों एवं जर्जर गोदामों का भवन निर्माण एवं जीर्णोद्धार राज्य के वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर किया जावेगा।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

बस्तर संभागान्तर्गत जिले में पर्यटन विभाग में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद

[पर्यटन]

20. (क्र. 341) श्री बघेल लखेश्वर : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में पर्यटन विभाग के अधीन पदों की स्वीकृति, कार्यरत एवं रिक्तता की स्थिति क्या है ? कृपया बतावें ? **(ख)** रिक्त पदों में भर्ती हेतु विभाग द्वारा की गारंटी कार्यवाही की जानकारी दें ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) पर्यटन विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड हेतु स्वीकृत पद संरचना में राज्य के किसी विशेष जिला अथवा संभाग के नाम से पद स्वीकृत नहीं है। अतः शेष जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता है।

रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में सड़क दुर्घटनाएं रोकने हेतु की गई कार्यवाही

[गृह]

21. (क्र. 347) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में वर्ष 2020 से प्रश्नावधि तक कितने सड़क हादसे हुए हैं ? उक्त हादसों में कितनों की मृत्यु हुई है ? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ख)** वर्ष 2020 से प्रश्नावधि तक रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में दुर्घटना, किन-किन वाहनों से कहां-कहां (स्थल) हुई है ? संबंधित वाहन चालक/मालिक पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? दुर्घटनावार कार्यवाही की जानकारी

देवें? **(ग)** प्रश्नांश 'ख' अनुसार सड़क हादसों को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? तिथि सहित कार्यवाही की जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में कुल 2,478 सड़क दुर्घटनाऐं हुई हैं। उक्त दुर्घटनाओं में 1,348 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है (उक्त अवधि में रायगढ़ जिले में कुल 1850 सड़क दुर्घटनाओं में 1027 व्यक्तियों की मृत्यु तथा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कुल 628 सड़क दुर्घटनाओं में 321 व्यक्तियों की मृत्यु हुई)। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-''अ''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र-''ब''** अनुसार है।

रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के पर्यटन स्थलों का उन्नयन, जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण

[पर्यटन]

22. (क्र. 349) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में किस-किस स्थल को पर्यटन स्थल चिन्हित किया गया है ? चिन्हांकित पर्यटन स्थलों के उन्नयन, जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण हेतु क्या कोई कार्य योजना प्रस्तावित है ? पर्यटन स्थलवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार पर्यटन स्थल हेतु कौन-कौन से निर्माण कार्य के लिए, कितनी-कितनी राशि आबंटित की गई है ? पर्यटन स्थलवार कार्य की अद्यतन स्थिति बतावें ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) रायगढ़ जिले अंतर्गत, रायगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़, सिंघनपुर को तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत सारंगढ़, गोमरडा अभ्यारण्य एवं पुजारीपाली को पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हांकित किया गया है। उपरोक्तानुसार चिन्हांकित पर्यटन स्थलों के उन्नयन, जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण हेतु वर्तमान में पर्यटन विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की कोई कार्ययोजना प्रस्तावित नहीं है। **(ख)** प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

प्रदेश में हो रहे अपराधों पर कार्यवाही

[गृह]

23. (क्र. 352) श्री शिवरतन शर्मा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में किस-किस जिले में, कितने-कितने चोरी, डकैती, बलवा, बालात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, नाबालिग से बलात्कार(पाक्सो), फांसी, जहर का सेवन, गुम ईंसान, दुर्घटना से मृत्यु, एक्सीडेंट, अवैध शराब विक्रय, गांजा, नशीली दवाई, सिरप पर कार्यवाही हुई है? 2020 से 30 जून, 2023 तक वर्षवार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** उक्त मामलों में कितने में आरोपी उक्त दिनांक तक फरार हैं ? कितने में विभाग द्वारा चालान माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है ? कितने में चालान प्रस्तुत करना लंबित हैं? **(ग)** विगत 4 वर्षो में अपराध के ग्राफ को कम करने के लिए विभाग द्वारा क्या नवाचार के कार्य किये गये हैं? वर्ष 2020 से 30 जून, 2023 तक प्रतिवर्ष आपराधिक आंकड़ों के प्रतिशत में वृद्धि तथा कमी की जानकारी प्रदान करें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधि की जिलेवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र अनुसार है। पुलिस विवेचना में लंबित प्रकरणों में विवेचना उपरान्त प्राप्त साक्ष्य के आधार पर यह निर्धारित होगा कि कितने प्रकरणों में चालान प्रस्तुत किया जाना है। **(ग)** अपराध के ग्राफ को कम करने के लिए थाना क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों, मुसाफिरों, वाहनों की चेकिंग, हमर पुलिस हमर संग, हमर बेटी हमर मान, अंजोर रथ, तुहर पुलिस तुहर द्वार, अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप एवं मनवां नवा नार कार्यक्रम के बैनर तले गांव-गांव, शहर-शहर जाकर आमजनों को विधिक जानकारी, सायबर ठगी, बेड टच, गुड टच, यातायात के नियमों के बारे में बताकर जागरूक किया जा रहा है। प्रश्नाधीन अवधि की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है।

प्रदेश में प्रचलित राशन कार्ड करने से संबधित

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

24. (क्र. 353) श्री शिवरतन शर्मा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2019 में किस-किस श्रेणी के कितने-कितने राशन कार्ड निर्मित थे, जिनमें हितग्राहियों को चावल और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा था तथा जून, 2023 में किस-किस श्रेणी के कितने राशन कार्ड प्रचलन में हैं जिनमें हितग्राहियों को खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है? **(ख)** प्रदेश में राशन कार्ड बनाने/परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने/काटने हेतु क्या प्रक्रिया अपनायी जाती है तथा किनके द्वारा राशन कार्ड को बनाने के लिये दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाता है? **(ग)** एपीएल, बीपीएल, प्राथमिकता, अंत्योदय राशन कार्ड बनाने हेतु आधार क्या है? क्या जन घोषणा पत्र में प्रत्येक परिवारों को 1 रू किलो में 35 किलो चावल देने की घोषणा की गयी थी ? यदि हॉ, तो एपीएल कार्ड धारियों को 1 रू किलो में चावल क्यों नहीं दिया जा रहा है? **(घ)** विभाग को कितने फर्जी राशन कार्ड बनने की शिकायत प्राप्त हुई तथा विभाग द्वारा उन पर क्या कार्यवाही की जा रही है?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) दिसम्बर, 2019 में प्राथमिकता श्रेणी के 41,93,339, अन्त्योदय श्रेणी के 13,96,638, निराश्रित श्रेणी के 38,519, निःशक्तजन श्रेणी के 9,882,अन्नपूर्णा श्रेणी के 6,290 एवं सामान्य श्रेणी के 7,65,476 राशनकार्ड प्रचलित थे तथा जून, 2023 में प्राथमिकता श्रेणी के 5049998, अन्त्योदय श्रेणी के 1464306, निराश्रित श्रेणी के 38098, निःशक्तजन श्रेणी के 14284 तथा सामान्य श्रेणी के 889651 राशनकार्ड प्रचलन में है, जिसमें हितग्राहियों को खाद्य सामग्री का वितरण किया जा रहा है। **(ख)** प्रदेश में राशनकार्ड बनाने/परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने/काटने हेतु राशनकार्ड नियम, 2016 के नियम 8 में दी गई प्रक्रिया अपनाई जाती है। इस हेतु ग्रामीण/नगरीय निकाय में आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में प्राप्त किये जाते हैं। कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत स्थानीय ग्रामीण एवं नगरीय निकाय के सक्षम अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन किया जाता है। **(ग)** छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम, 2016 में उल्लेखित पात्रता एवं प्रक्रिया के आधार पर प्राथमिकता, अन्त्योदय एवं सामान्य श्रेणी के राशनकार्ड जारी किये जाते हैं। प्राथमिकता एवं अन्त्योदय राशनकार्ड हेतु पात्र परिवारों की जानकारी**संलग्न प्रपत्र**अनुसार है। जी हाँ, वित्तीय व्यवहार्यता के आधार पर सामान्य श्रेणी के राशनकार्डधारी परिवारों को 10 रूपये प्रति किलो की दर से पात्रतानुसार चावल प्रदाय किया जा रहा है। **(घ)** वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभाग को अपात्रों को राशनकार्ड जारी करने की 04 शिकायत प्राप्त हुई थी। जिला बिलासपुर में प्राप्त 01 शिकायत की जांच कराई गई, जिसमें पूर्व में जारी राशनकार्ड नवीनीकरण करना पाया गया । अतः शिकायत गलत पाई गई । खाद्य संचालनालय में अपात्र व्यक्तियों द्वारा अन्त्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्ड बनाने की 03 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिसमें जांचकर आवश्यक कार्यवाही हेतु कलेक्टर रायपुर एवं सक्ती को पत्र प्रेषित किया गया है ।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

संस्कृति विभाग द्वारा जारी विज्ञापनों का लंबित भुगतान

[संस्कृति]

25. (क्र. 356) डॉ. रमन सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**संस्कृति विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-2021, 2021-2022 एवं 2022-23 तक शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु किन-किन विभागों के विज्ञापन जारी किये गये हैं? विभागवार जानकारी दें? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' के संदर्भ में विभिन्न समाचार पत्रों,पत्रिकाओं, विभिन्न एजेंसियों को जारी किये गये विज्ञापनों का विवरण एवं भुगतान की गई राशि का विवरण एवं भुगतान हेतु लंबित राशि का विवरण देवें?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) संस्कृति विभाग द्वारा शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु किसी भी विभाग के विज्ञापन जारी नहीं किये गये हैं। **(ख)** उत्तर ''क'' अनुसार भुगतान एवं लंबित राशि निरंक है।

रामवनगमन पथ के निर्माण हेतु बजट प्रावधान

[पर्यटन]

26. (क्र. 357) डॉ. रमन सिंह : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में 01 जनवरी, 2019 के बाद कितने नए पर्यटन केन्द्रों की घोषणा की गई है? जिलेवार जानकारी दें? **(ख)** उक्त पर्यटन केन्द्रों में विकास कार्यों के लिए किन-किन मदों से, कितना-कितना बजट प्रावधान किया गया है? कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं? कितनी राशि का व्यय हुआ है? उक्त पर्यटन विकास के कार्यों हेतु क्या केन्द्र सरकार से सहायता अनुदान प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो विवरण देवें? **(ग)** रामवनगमन पथ एवं इससे संबंधित अन्य कार्यों के निर्माण में अब तक कुल कितने किलोमीटर पथ का निर्माण पूर्ण हो चुका है एवं कितने किलोमीटर पथ का निर्माण शेष है? इस हेतु विभाग द्वारा कुल कितनी राशि का प्रावधान बजट में किया गया है एवं क्या निर्माण कार्य हेतु अन्य मदों से अथवा केन्द्र सरकार से राशि का प्रावधान किया गया है? विवरण प्रदान करें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रदेश में प्रश्नांकित अवधि में सोनाखान, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को नवीन पर्यटन स्थल चिन्हांकित किया गया है एवं घोषित पर्यटन स्थल डोंगरगढ़ (जिला राजनांदगॉव) के अंतर्गत बूढ़ादेव पहाड़ी तथा घोषित पर्यटन स्थल चंदखुरी (जिला रायपुर) के अंतर्गत माता कौशल्या मंदिर को सम्मिलित किया गया है। **(ख)** प्रश्नांश 'ख' की जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार** है। इस प्रपत्र में उल्लेखित कार्यों हेतु केन्द्र सरकार से कोई अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है। **(ग)** पर्यटन विभाग द्वारा राम वनगमन पर्यटन परिपथ परियोजना के अंतर्गत पथ निर्माण का कार्य नहीं किया है अपितु प्रथम चरण में पर्यटन परिपथ पर स्थित 10 स्थलों को चिन्हांकित कर विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे है। इन पूर्ण एवं अपूर्ण निर्माण कार्यो का विवरण **संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार** है। इस हेतु पर्यटन विभाग द्वारा कुल रू. 111 करोड़ राशि का कुल बजट प्रावधान किया गया है एवं अन्य विभागों द्वारा उनके विभागीय मद से राशि का प्रावधान रखा गया है, विवरण **संलग्न प्रपत्र ''स'' अनुसार** है। इस योजना हेतु केन्द्र सरकार से कोई राशि का प्रावधान नही है। **[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]**

जिला मुंगेली में श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनायें

[श्रम]

27. (क्र. 373) श्री धर्मजीत सिंह : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मुंगेली अंतर्गत श्रम विभाग की कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें से कितने पंजीकृत श्रमिकों को विगत 03 वर्षों में क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं? विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" की योजनाओं से विगत 03 वर्षों में विधानसभा क्षेत्र लोरमी के कितने लोग, कौन-कौन सी योजना से लाभान्वित हुए हैं? विवरण देवें? **(ग)** मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र लोरमी के कुल कितने लोग लाभान्वित हुए हैं? विवरण देवें?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जिला मुंगेली अंतर्गत श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ'** अनुसार है।उक्त योजनांतर्गत विगत 03 वर्षों (वर्ष 2020-21 से दिनांक 30.06.2023 तक) में जिला मुंगेली अंतर्गत छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत लाभांवितों की जानकारी निरंक है। छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा लाभांवित श्रमिकों एवं देय लाभ की मंडलवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब'** अनुसार है **(ख)** लोरमी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विगत 03 वर्षों (वर्ष 2020-21 से दिनांक 30.06.2023 तक) में छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत लाभांवितों की जानकारी निरंक है। छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा लाभांवित श्रमिकों की मंडलवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र -'स'** अनुसार है। **(ग)** श्रम विभाग

के अधीन संचालित मंडलों में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना के नाम से कोई योजना संचालित नहीं है। अतः जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

जिला मुंगेली में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़कें

[लोक निर्माण]

28. (क्र. 374) श्री धर्मजीत सिंह : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली जिला अंतर्गत मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत विगत 04 वर्षों में लोरमी, मुंगेली एवं पथरिया विकासखंड में कुल कितनी सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है? विवरण देवें? **(ख)** कंडिका "क" की योजनानुसार कौन-कौन सी सड़क पूर्ण, अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं? विवरण देवें? **(ग)** कंडिका "क" के तहत् विधानसभा क्षेत्र लोरमी अंतर्गत वर्ष 2023-24 में कितनी नयी सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है? विवरण देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

नगर पंचायत घरघोड़ा में पार्षद निधि से व्यय

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

29. (क्र. 377) श्री रजनीश कुमार सिंह : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नगर पंचायत घरघोड़ा में पार्षद निधि से जनवरी, 2020 से 30 मई, 2023 तक किन-किन कार्यो में कितनी राशि व्यय की गई ? **(ख)** क्या उक्त मद में व्यय की गयी राशियों की विधिवत अनुमति ली गयी? क्या शासन द्वारा निर्धारित बिंदुओं के अनुसार ही कार्य कराए गए ? यदि नहीं, तो इस पर क्या कार्यवाही की जावेगी?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।(ख) प्रश्नांक की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। शासन द्वारा निर्धारित बिन्दुओं के अतिरिक्त जो कार्य शासन से बिना अनुमति के करवाये गये हैं। प्रश्नांश अवधि में कार्यरत मुख्य नगरपालिका अधिकारी के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

नगर निगम, रायपुर फर्जी वेतन आहरण की जांच

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

30. (क्र. 378) श्री रजनीश कुमार सिंह, श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या नगर निगम, रायपुर के जोन क्रमांक 03 में सैलरी घोटाला उजागर हुआ था ? यदि हां, तो विभाग के संज्ञान में कब आया ? कुल कितनी राशि का घोटाला उजागर हुआ? किन-किन पदों के विरूद्ध कितनी-कितनी राशि फर्जी तरीके से कब से कब तक आहरित की गई ? उक्त अवधि में जोन कमिश्नर कौन-कौन थे? **(ख)** क्या प्रश्नांश 'क' के घोटाला के संबंध में जांच करायी गई ? यदि हां, तो कब एवं किस स्तर के अधिकारी द्वारा जांच की गयी ? जांच रिपोर्ट शासन को कब प्रस्तुत की गई ? जांच में क्या पाया गया ? जांच में किस-किस स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संलिप्तता उजागर हुई एवं दोषियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जी हां। जनवरी 2021 में लेखा विभाग द्वारा अंकेक्षण करने पर कार्यालय के संज्ञान में आया। वर्ष 2016 से दिसंबर 2020 के मध्य बिना किसी पदनाम के

राशि रू. 71,18,961.00 का फर्जी आहरण हुआ है । फर्जी तरीके से आहरित राशि, अवधि, पदस्थ जोन कमिशनर की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है**।**(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन

[गृह]

31. (क्र. 381) श्री नारायण चंदेल, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या विभाग द्वारा वर्ष 2023 में पुलिस उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर एवं सूबेदार के पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया है? यदि हां, तो कब एवं कितने पदों हेतु ? कितने अभ्यर्थियों ने आवेदन किया? पदवार पृथक पृथक जानकारी प्रदान करें? **(ख)** क्या उपरोक्त पदों हेतु व्यापम के द्वारा परीक्षा आयोजित की गई ? यदि हां, तो प्रारंभिक परीक्षा कब ली गई एवं परिणाम कब जारी किए गए ? प्रारंभिक परीक्षा में कितने लोगों को मुख्य लिखित परीक्षा हेतु चयनित किया गया ? मुख्य लिखित परीक्षा कब आयोजित की गई ? मुख्य लिखित परीक्षा परिणाम के पश्चात अंतिम चयन हेतु अन्य कौन-कौन सी प्रक्रिया शेष रहेगी ? **(ग)** विभाग के रिक्त पदों हेतु व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा के परिणाम जारी करने का क्या नियम निर्धारित है ? क्या परिणाम व्यापम द्वारा जारी किया जाता है अथवा विभाग द्वारा परीक्षा परिणाम जारी किये जाने का नियम निर्धारित है ? **(घ)** क्या कंडिका 'क' की मुख्य परीक्षा के परिणाम सार्वजनिक नहीं कर, परिणाम व्यापम द्वारा विभाग को सौंप दिया गया है ? यदि हां, तो कारण बतावें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) पुलिस उप निरीक्षक, प्लाटून कमांडर एवं सूबेदार के 975 पदों पर सीधी भर्ती प्रक्रिया हेतु छ.ग. व्यावसायिक मंडल द्वारा ''मुख्य लिखित परीक्षा'' आयोजन की समय-सारणी एवं परीक्षा केन्द्रों की जानकारी के प्रकाशन हेतु संक्षिप्त विज्ञापन दिनांक 09.05.2023 को जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन केवल अभ्यर्थियों के जानकारी के लिए था एवं इस विज्ञापन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित नहीं किए गए थे।**(ख)** जी हाँ। इन पदों हेतु व्यापम व्दारा प्रारम्भिक लिखित परीक्षा दिनांक 29.01.2023 को आयोजित की गई। प्रारंभिक परीक्षा के सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों की जानकारी, मेरिट क्रम में दिनांक 22.02.2023 को जारी किया गया तथा अग्रिम चरण हेतु चयनित उम्मीदवारों की सूची दिनांक 16.05.2023 को जारी किया गया । प्रारंभिक परीक्षा में 20618 अभ्यर्थियों को मुख्य लिखित परीक्षा हेतु चयनित किया गया । मुख्य लिखित परीक्षा दिनांक 26, 27 एवं 29.05.2023 को आयोजित की गयी। मुख्य लिखित परीक्षा के पश्चात् शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया शेष रहेगी।**(ग)** भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी करने के संबंध में छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2021 के नियम 6.(10)(चार) में निम्नानुसार नियम है - प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों को जोड़कर, पृथक से सूबेदार, उप-निरीक्षक, उप-निरीक्षक (विशेष शाखा), प्लाटून कमाण्डर की एक, उप-निरीक्षक (रेडियो)/(अंगुल चिन्ह)/(प्रश्नाधीन दस्तावेज) की एक तथा उप-निरीक्षक (कम्प्यूटर), उप-निरीक्षक (सायबर क्राईम) की एक, कुल तीन पृथक-पृथक गुणागुण सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार की जायेगी, जिसमें से विज्ञापित रिक्त पदों के पांच गुना संख्या में अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा। अंतिम अभ्यर्थी, जिस पर पांच गुना संख्या पूर्ण होती है तथा वे सभी अभ्यर्थी, जिन्होंने इस अभ्यर्थी से अधिक अथवा बराबर अंक प्राप्त किये हैं, को द्वितीय चरण की परीक्षा में सम्मिलित किया जायेगा, भले ही अभ्यर्थियों की संख्या पांच गुना से अधिक हो जाती हो।''**(घ)**व्यापम द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पात्र पाये गये उम्मीदवारों को केवल रोल नम्बर तथा नामों वाली बिना प्राप्तांक की सूची सार्वजनिक रूप से जारी किये जाने हेतु उपलब्ध कराई गई है।

जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत सड़कों एवं भवनों की मरम्मत हेतु स्वीकृत राशि

[लोक निर्माण]

32. (क्र. 382) श्री नारायण चंदेल : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-2022 से 26 जून, 2023 तक जांजगीर-चांपा, सक्ती एवं कोरबा जिला अंतर्गत किन-किन नवीन सड़कों एवं भवनों के निर्माण कार्य एवं पूर्व में निर्मित सड़कों/भवनों के मरम्मत कार्य, कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत

किये गये ? वर्षवार, जिलेवार सड़क/भवनों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की स्वीकृत सड़कों में से कितने की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गयी ? कितने कार्य पूर्ण एवं अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं ? जिलावार, विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'ख' के किये गये कार्यो में अनियमितता/भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई एवं दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र -अ, ब, स, द** अनुसार है।

<u>पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रदत्त राशन कार्ड</u>

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

33. (क्र. 385) श्रीमती इंदू बंजारे : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022 व 2023 में 30 जून, 2023 तक खाद्य सुरक्षा के अधिकार अधिनियम 2012 के तहत कितने हितग्राहियों का नवीन राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है ? **(ख)** कितने आवेदनों के विरूद्ध कितने हितग्राहियों को, किस - किस प्रकार के राशन कार्ड प्रदत्त किये गये हैं ?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में खाद्य सुरक्षा के अधिकार अधिनियम 2012 के तहत नवीन राशनकार्ड बनाने के लिए 12353 आवेदन प्राप्त हुए हैं। **(ख)** प्राप्त आवेदनों में से पात्र पाए गए 12210 आवेदनों के विरूद्ध 10790 हितग्राहियों को प्राथमिकता राशनकार्ड, 576 हितग्राहियों को अन्त्योदय राशनकार्ड, 725 हितग्राहियों को सामान्य राशनकार्ड, 74 हितग्राहियों को निराश्रित श्रेणी के राशनकार्ड एवं 45 हितग्राहियों को निःशक्तजन श्रेणी के राशनकार्ड जारी किये गए हैं।

<u>नगर पंचायत शिवरीनारायण में कराए गए कार्यों की स्थिति</u>

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

34. (क्र. 386) श्रीमती इंदू बंजारे : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की धार्मिक नगरी नगर पंचायत शिवरीनारायण में वित्तीय वर्ष 2020- 21 से 2023-24 में 30 जून, 2023 तक क्या-क्या कार्य, कितनी-कितनी लागत से कराये गये है ? कार्य पूर्ण अपूर्ण की जानकारी देवें?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

<u>बलौदाबाजार जिला अंतर्गत सड़को एवं भवनों के संदर्भ में जानकारी</u>

[लोक निर्माण]

35. (क्र. 387) श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021-2022 से 26 जून, 2023 तक बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन नवीन सड़कों एवं भवनों के निर्माण कार्य एवं पूर्व से निर्मित सड़कों/भवनों के मरम्मत कार्य कितनी-कितनी राशि के स्वीकृत किये गये ? वर्षवार, विकासखण्डवार सड़क/भवनों के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करायें ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' की स्वीकृत सड़कों में से कितने की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गयी ? कितने कार्य पूर्ण एवं कितने, अपूर्ण एवं अप्रारंभ हैं ? जिलावार, विकासखण्डवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** क्या प्रश्नांश 'ख' के किये गये कार्यो में अनियमितता/भ्रष्टाचार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां, तो कहां-कहां से, कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं एवं दोषियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र- अ, ब, स एवं द** अनुसार है।

स्मार्ट सिटी योजना के तहत रायपुर नगर निगम में स्वीकृत सौन्दर्यीकरण/उन्नयन का कार्य

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

36. (क्र. 393) श्री बृजमोहन अग्रवाल : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** स्मार्ट सिटी योजनांतर्गत रायपुर नगर निगम में कितने तालाबों, चौकों, गार्डनों व लैण्डस्केपिंग का सौन्दर्यीकरण/उन्नयन का कार्य स्वीकृत किया गया है ? किन-किन कार्यों के लिए, कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? **(ख)** कंडिका ''क'' के स्वीकृत कार्यों में से कौन-कौन से कार्य, कितनी-कितनी राशि में पूर्ण किये गये है ? क्या कार्यों को पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त राशि भी जारी की गई है ? यदि हां, तो कितनी-कितनी, कार्यवार जानकारी देवें ? यह भी बतावें कि कितने तालाब, चौक व गार्डन का कार्य अपूर्ण है और कार्य अपूर्ण होने के क्या कारण हैं ? **(ग)** स्मार्ट सिटी योजना के तहत चौपाटी/वेन्डर जोन का भी निर्माण किया जा रहा है ? यदि हां, तो कहां-कहां पर, कितनी राशि से व निर्माण कार्य की क्या स्थिति है ? **(घ)** क्या स्मार्ट सिटी के कार्यों में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) स्मार्ट सिटी योजनांतर्गत नगर निगम रायपुर क्षेत्रांतर्गत 40 तालाबों, 11 चौंकों, 38 गार्डनों व लैण्डस्केपिंग का सौन्दर्यीकरण/ उन्नयन का कार्य स्वीकृत किया गया है। कार्यवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र -अ अनुसार है।(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र -अ अनुसार है**।**(ग)** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा नवनिर्मित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल, भाठागांव परिसर अंतर्गत वेंडिग जोन का निर्माण किया गया है, जिसके अंतर्गत पुराने बस स्टैंड, पंडरी के व्यवसायियों का व्यवस्थापन किया जा रहा है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा साईंस कालेज के पास यूथ हब - ग्रीन कारीडोर प्रोजेक्ट अंतर्गत वेंडिग जोन बनाया गया है। स्थान, राशि व निर्माण कार्य की स्थिति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र -ब अनुसार है। (घ)** भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा पत्र क्र. K-14011/21/VIP/2022-SC-1 दिनांक 10.08.2022 प्राप्त हुआ था। इसमें उल्लेखित बिंदुओ का बिंदुवार जवाब पत्र क्र. 12025/RSCL/22 दिनांक 06.09.2022 के द्वारा आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को प्रेषित किया गया था। तत्पश्चात उक्त संबंध में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से अन्य कोई पत्र प्राप्त नही हुआ है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

छत्तीसगढ़ भवन सन्निर्माण कर्मकार मंडल को प्राप्त उपकर की राशि

[श्रम]

37. (क्र. 394) श्री बृजमोहन अग्रवाल : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ भवन सन्निर्माण कर्मकार मंडल को 1 जनवरी, 2019 से 26 जून, 2023 तक कितनी राशि उपकर के रूप में प्राप्त हुई है ? वर्षवार बतावें ? यह भी बतावें कि 1 जनवरी, 2019 की स्थिति में मंडल के पास कितनी राशि जमा थी ? **(ख)** क्या मंडल के द्वारा भी कंडिका ''क'' के वर्षों के प्रकरणों में उपकर का निर्धारण किया गया है ? यदि हां तो कितने प्रकरणों में, कितने-कितने उपकर का निर्धारण किया गया है ? नियोजकों के नाम सहित राशि की जानकारी देवें ? **(ग)** क्या कम उपकर जमा करने वाले नियोजकों के विरूद्ध कोई वैधानिक कार्यवाही की गई है ? यदि हां, तो किन-किन नियोजकों के खिलाफ, क्या-क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? **(घ)** मंडल द्वारा कंडिका ''क'' के वर्षों में किस-किस मद में, कितनी-कितनी राशि, किन-किन कार्यों के लिए खर्च की गई है ? वर्षवार जानकारी देवें व कितनी राशि प्रश्नांश तिथि तक मंडल के पास जमा है ? जानकारी देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल को 01 जनवरी, 2019 से 26 जून, 2023 तक प्राप्त उपकर की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र**

''अ'' अनुसार है। मंडल के पास 01 जनवरी, 2019 की स्थिति में कुल राशि रूपये-2,87,83,96,775/- (अक्षरी में:- दो अरब सत्यासी करोड़ तिरासी लाख छियांनबे हजार सात सौ पचहत्तर मात्र) जमा थी। **(ख)** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल को उपकर निर्धारण का अधिकार नहीं है। अतः जानकारी निरंक ग्राह्य करें। **(ग)** प्रश्नांश-'ख' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा 01 जनवरी, 2019 से 26 जून, 2023 तक विभिन्न कार्यों पर किए गए खर्च की मदवार/वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। मंडल के पास प्रश्नांश तिथि 26 जून, 2023 की स्थिति में कुल राशि रूपये - 6,84,40,48,477 /- (अक्षरी में -छः अरब चौरासी करोड़ चालीस लाख अड़तालिस हजार चार सौ सतहत्तर मात्र) जमा है। **[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]**

जिला-रायपुर में श्रमिक कल्याण उपकर के रूप में विभिन्न निर्माण विभाग/ संस्थाओं से प्राप्त राशि

[श्रम]

38. (क्र. 397) श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायपुर अंतर्गत वर्ष 2019 से मार्च, 2023 की अवधि में श्रमिक कल्याण उपकर के रूप में विभिन्न निर्माण विभाग/ संस्थाओं से कितनी- कितनी राशि प्राप्त हुई है? **(ख)** प्रश्नांश "क" के अनुसार उक्त मद में प्राप्त राशि से विभागीय योजनान्तर्गत किन-किन मद में, कितनी-कितनी राशि खर्च की गयी एवं इससे कितने लोग लाभान्वित हुए ? इस कार्य हेतु किस स्तर के अधिकारी को अधिकृत किया गया? नाम एवं पदनाम सहित बतावें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जिला रायपुर अंतर्गत वर्ष 2019 से 31 मार्च 2023 की अवधि में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल को श्रमिक कल्याण उपकर के रूप में विभिन्न शासकीय/अशासकीय एवं निजी संस्थानों से राशि रूपये - 1,49,13,43,720/- (अक्षरी में - एक अरब उनचास करोड़ तेरह लाख तिरालिस हजार सात सौ बीस रूपये) प्राप्त हुई है। विभागवार/संस्थावार प्राप्त उपकर की जानकारी **संलग्न प्रपत्र - ''अ''** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांश 'क' के अनुसार छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संग्रहित उपकर की राशि से मंडल के अधीन संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जिला रायपुर अंतर्गत कुल राशि रूपये - 75,01,93,550/- (अक्षरी में - पचहत्तर करोड़ एक लाख तिरान्बे हजार पांच सौ पचास रूपये) खर्च की गई। मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं में जिला रायपुर में 4,13,899 श्रमिक लाभांवित हुए है। वर्ष 2019 से 31 मार्च 2023 तक मदवार व्यय/लाभांवित श्रमिक की जानकारी **संलग्न प्रपत्र - ''ब''** अनुसार है।इस कार्य हेतु कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, रायपुर के कार्यालय प्रमुख श्री अनिल कुजूर, सहायक श्रमायुक्त (प्रथम श्रेणी अधिकारी) को अधिकृत किया गया है। **[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]**

धरसींवा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत संचालित भवन विहीन/जर्जर उचित मूल्य की दुकानें

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

39. (क्र. 398) श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितनी उचित मूल्य की दुकानें भवनविहीन या जर्जर स्थिति में हैं एवं कितनी दुकानें किराये के भवनों में संचालित हो रही हैं? विकासखंडवार बतावें? **(ख)** जर्जर, भवनविहीन एवं किराये के भवनों में संचालित उचित मूल्य की दुकानों हेतु नवीन भवन की स्वीकृति कब तक कर दी जावेगी? वर्ष 2019 -2020 से दिनांक 30 जून,2023 तक कितनी शासकीय उचित मूल्य की नई दुकानों हेतु भवन, एवं भवन मरम्मत हेतु कार्य, किस मद से स्वीकृत किये गए? विकासखंडवार जानकारी देवें?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड धरसींवा में 13 उचित मूल्य की दुकानें भवनविहीन या जर्जर स्थिति में हैं एवं 12 उचित मूल्य दुकानें किराए के भवनों में संचालित है। **(ख)** जर्जर, भवनविहीन एवं किराये के भवनों में संचालित उचित मूल्य की दुकानों हेतु नवीन

भवन की स्वीकृति विभागीय बजट में राशि का प्रावधान होने पर की जावेगी। प्रश्नांकित अवधि में विधानसभा क्षेत्र धरसींवा के विकासखण्ड धरसींवा में 03 उचित मूल्य दुकान भवन मरम्मत का कार्य किया गया है, जिसमें से ग्राम पंचायत धनेली में उचित मूल्य दुकान भवन मरम्मत का कार्य सेवा सहकारी समिति गिरौद के बचत खाते की राशि से तथा ग्राम पंचायत रैता एवं ग्राम पंचायत मुजगहन के उचित मूल्य दुकान भवन मरम्मत का कार्य 15वें वित्त आयोग में प्राप्त राशि से किया गया है।

गरियाबंद जिला अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा अधिग्रहण किए गए निजी वाहनों

[गृह]

40. (क्र. 399) श्री अमितेश शुक्ल : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 30 जून, 2023 तक गरियाबंद जिला अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा नक्सल विरोधी अभियान तथा महत्वपूर्ण ड्यूटी हेतु कितने-कितने निजी वाहन किराए पर अधिग्रहण किए गए हैं ? क्या निजी वाहनों के अधिग्रहण हेतु शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा निविदा प्रक्रिया का पालन किया गया है ? यदि नहीं तो क्यों ? **(ख)** क्या कंडिका ''क'' के तहत गैर टैक्सी परमिट निजी वाहनों का अधिग्रहण किया गया है ? यदि हॉ, तो क्यों ? गैर टैक्सी परमिट निजी वाहनों के अधिग्रहण से शासन को कितनी-कितनी राजस्व राशि की हानि हुई है ? इस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? विस्तृत विवरण देवें ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) वर्ष 2022-23 में कुल 2279 वाहन एवं 2023-24 (30 जून 2023 तक) 605 निजी वाहन अधिग्रहित किया गया हैं । जी हां। जारी दिशा-निर्देश का अक्षरशः पालन किया गया है, दिशानिर्देशों में निविदा का उल्लेख नहीं होने से निविदा संबंधी कार्यवाही नहीं किया गया है। **(ख)** जी हां। जिला गरियाबंद अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जहां नक्सल आसूचना संकलन व नक्सल ऑपरेशन, व्ही.आई.पी.मूवमेंट, कानून व्यवस्था, ड्यूटी हेतु त्वरित रूप से वाहन उपलब्ध कराना आवश्यक होता है। कोई राजस्व हानि नहीं हुई है।

गरियाबंद जिला के नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के दर्ज प्रकरणों

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

41. (क्र. 400) श्री अमितेश शुक्ल : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 में दिनांक 30 जून , की स्थिति में गरियाबंद जिला के नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के कितने-कितने प्रकरण दर्ज हुए ? निकायवार विस्तृत विवरण देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत दर्ज प्रकरणों पर अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गई ? प्रकरणवार विस्तृत विवरण देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) :
(क) नगर पालिका परिषद गरियाबंद जिला - गरियाबंद क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 30 जून की स्थिति में गरियाबंद जिला के नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत अवैध प्लाटिंग के निम्नवत प्रकरण दर्ज हुए:-

क्र.	निकाय का नाम	वित्तीय वर्ष	खसरों की संख्या
1	न.पा. गरियाबंद	2022-23 में	26
		2023-24 में	0
2	न.पं.राजिम	2022-23 में	16
		2023-24 में	46
3	न.पं. फिंगेश्वर	2022-23 में	2
		2023-24 में	0
4	न.पं. छुरा	2022-23 में	निरंक
		2023-24 में	निरंक

(ख) कंडिका ''क'' के तहत् दर्ज प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

प्रदेश में धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

42. (क्र. 406) श्री डमरूधर पुजारी : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खरीफ वर्ष 2019-20 से दिनांक 31.01.2023 तक राज्य सरकार के द्वारा कितना धान क्रय किया गया है? इसमें कितनी राशि न्यूनतम समर्थन मूल्य से व कितनी अन्य योजनाओं के अंतर्गत किसानों को दी गई ? उक्त वर्षो में केन्द्र सरकार के द्वारा केन्द्रीय पुल एवं अन्य मद में कितना-कितना चावल लिया गया एवं इस हेतु राज्य सरकार को कितनी राशि प्रदान की गई ? प्रदेश सरकार द्वारा कितनी-कितनी राशि किसानों के भुगतान हेतु, कितना-कितना ऋण, किस-किस संस्था से लिया गया एवं इस हेतु कितना ब्याज प्रतिमाह राज्य सरकार द्वारा देय है ? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** वर्ष 2021-22, 2022-23 में कुल कितना कस्टम मिलिंग कराया गया है एवं इस हेतु क्या-क्या दर निर्धारित थी ? उक्त समयावधि में कस्टम मिलिंग हेतु शासन द्वारा मिलर्स को कितना धान प्रदाय किया गया तथा कितना चावल जमा किया गया एवं कितना जमा किया जाना शेष है ? राईस मिलर्स को उक्त अवधि में कस्टम मिलिंग का किस दर से, कुल कितनी राशि का भुगतान किया गया था, कितना भुगतान शेष है ?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) प्रश्नांकित अवधि में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान तथा किसानों को भुगतान की गई राशि तथा केन्द्रीय पूल में जमा किए गए चावल तथा संबंधित खरीफ वर्ष के दौरान केन्द्र सरकार से प्राप्त राशि की जानकारी संलग्न**प्रपत्र-'''अ'' अनुसार** है। प्रदेश सरकार द्वारा धान उपार्जन पश्चात् किसानों के भुगतान हेतु लिए गए ऋण की राशि, ऋण प्रदाय संस्था एवं ऋण पर प्रतिमाह ब्याज भुगतान की वर्षवार जानकारी क्रमशः **संलग्न प्रपत्र-''ब'' एवं प्रपत्र-''स''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में भारत सरकार द्वारा धान की मिलिंग हेतु निर्धारित दर अरवा 10.00 प्रति क्विंटल एवं उसना 20.00 प्रति क्विंटल पर मिलिंग कराया गया है। उक्त समयावधि में कस्टम मिलिंग हेतु शासन द्वारा मिलर्स को प्रदाय धान, चावल जमा, चावल जमा हेतु शेष की मात्रा, कस्टम मिलिंग की दर, कुल भुगतान की राशि एवं भुगतान हेतु शेष राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''द'' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पर्यटन स्थलों के विकास हेतु स्वीकृत राशि

[पर्यटन]

43. (क्र. 409) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन स्थलों को पर्यटन हेतु चिन्हांकित किया गया है ? उक्त पर्यटन स्थलों के विकास हेतु वर्ष 2019 से 25 जून, 2023 तक कुल कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई है ? स्थलवार जानकारी देवें ? **(ख)** स्वीकृत राशि में से कितनी-कितनी राशि, किन-किन कार्यों में व्यय की गई है ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिहावा, सीतानदी अभ्यारण्य, माडमसिल्ली जलाशय, श्रृंगी ऋषि आश्रम तथा मुकुंदपुर-नगरी को पर्यटन स्थल के रुप में चिन्हांकित किया गया है। उक्त पर्यटन स्थलों के विकास हेतु वर्ष 2019 से जून 2023 तक लागत राशि रू. 9.61 करोड़ की स्वीकृति दी गई हैै। स्थलवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र अनुसार** है। **(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार कार्यों हेतु स्वीकृत राशि में से संलग्न प्रपत्र के कार्यों के विवरण में कॉलम 4 अनुसार कार्यों पर कॉलम 6 में दर्शित व्यय राशि हुई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

लोक निर्माण विभाग द्वारा उपयोगी व अनुपयोगी सामग्री के डिस्पोजल/नीलामी के नियम

[लोक निर्माण]

44. (क्र. 413) श्री दलेश्वर साहू : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण/नवनिर्माण कार्यों में पूर्व में लगे उपयोगी व अनुपयोगी सामग्री के डिस्पोजल/नीलामी के लिए क्या नियम हैं? राजनांदगांव जिले में विगत 3 वर्षों में किन-किन नवनिर्माण कार्यों में कौन-कौन सी पूर्व उपयोगी व अनुपयोगी सामग्री सूचीबद्ध की गयी है? उक्त सामग्रियों को कब नीलाम/डिस्पोजल किया गया है? कार्यवार, वर्षवार, सामग्रीवार जानकारी देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण/नवनिर्माण कार्यों में पूर्व में लगे उपयोगी व अनुपयोगी सामग्री के डिस्पोजल/नीलामी हेतु निम्नानुसार प्रावधान है:- **(क)** कार्य विभाग मेन्युअल की कंडिका 4.073 **(ख)** वित्त संहिता भाग-1 अध्याय- 7 का नियम 140, 141 एवं 142 **(ग)** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के वित्त निर्देष 23/2019 क्र 1252/एफ-2019-04-05201/ब-4/चार/नवा रायपुर, दिनांक 14.11.2019 द्वारा स्क्रैप की नीलामी के माध्यम से निस्तारण हेतु एजेंसी नियुक्त करने संबंधी निर्देश। (बिन्दु क, ख, ग की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।) राजनांदगांव जिले में विगत 3 वर्षो में नवनिर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की उपयोगी व अनुपयोगी सामग्रियों का नीलाम/डिस्पोजल नहीं किया गया है। अतःकार्यवार, वर्षवार, सामग्रीवार जानकारी निरंक हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

लोक निर्माण संभाग राजनांदगांव एवं खैरागढ़ में किये गये कार्य

[लोक निर्माण]

45. (क्र. 414) श्री दलेश्वर साहू : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या वित्तीय वर्ष 2022-23 से प्रश्नावधि तक लोक निर्माण संभाग, राजनांदगांव एवं खैरागढ़ में पेंच रिपेयरिंग, मरम्मत कार्य किया गया है? यदि हाँ तो उक्त कार्यों हेतु किन-किन सड़कों के, कितने किलोमीटर का, कब-कब जोनल टेंडर जारी किया गया? कार्यों की सड़कवार, किलोमीटरवार, वर्षवार, कार्यवार, राशिवार व्यय सहित मूल्यांकन, सत्यापन एवं भुगतान की दिनांकवार जानकारी देवें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : जी हॉ, जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार हैं।

नारायणपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन वृहद पुल

[लोक निर्माण]

46. (क्र. 415) श्री चंदन कश्यप : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नारायणपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत जिला बस्तर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर में 01 जून, 2023 की स्थिति में कितने वृहद पुल निर्माणाधीन हैं? कब स्वीकृति प्राप्त हुई थी? **(ख)** लंबित होने के क्या कारण हैं? कब तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जायेंगे ? **(ग)** क्या वित्तीय अनियमितता अथवा गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) 4 वृहद पुल निर्माणाधीन है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ग)** जी नहीं।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्सठ"]

नगर पालिका परिषद् नारायणपुर द्वारा तालाबों का सौदर्यीकरण, रखरखाव एवं मरम्मत कार्य पर व्यय राशि

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

47. (क्र. 417) श्री चंदन कश्यप : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** नगर पालिका परिषद्, नारायणपुर द्वारा 01-04-2019 से 01 जून, 2023 तक किन-किन तालाबों का सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव/मरम्मत कार्य किया गया है/कराया जा रहा है? **(ख)** उक्त कार्यों में कुल कितनी राशि खर्च की गई? तालाबों के नाम, स्वीकृत एवं व्यय राशि की वर्षवार जानकारी प्रदान करें?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) नगर पालिका परिषद नारायणपुर द्वारा 01.04.2019 से 01 जून, 2023 तक तालाबों का सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव/मरम्मत कार्य किया गया है/कराया जा रहा की **जानकारीसंलग्नप्रपत्र अनुसार है। (ख)** उक्त कार्यो में खर्च की गई राशि एवं तालाबों के नाम, स्वीकृत एवं व्यय राषि की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - साठ"]

अविभाजित राजनांदगांव जिले में विभिन्न अपराधों के पंजीकरण प्रकरण

[गृह]

48. (क्र. 420) श्रीमती छन्नी चंदू साहू : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2020- 21 से 31 अगस्त 2022 तक राजनांदगांव जिले तथा जिला मानपुर - मोहला - अंबागढ चौकी एवं खैरागढ- छुईखदान - गंडई में माह सितम्बर 2022 से 30 जून 2023 तक में थानों में ,चोरी, डकैती, बलात्कार, सट्टा, जुआ, गांजा, अवैध शराब एवं ठगी के कितने प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं ? वर्ष वार, थाना वार जानकारी प्रदान करें? **(ख)** कंडिका "क" के अनुसार उक्त अवधि के पंजीबद्ध प्रकरणों में कितनो पर कार्यवाही की गई ? वर्ष वार, थाना बार जानकारी प्रदान करें?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) प्रश्नाधीन अवधियों की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ'', ''प्रपत्र-ब''** एवं **''प्रपत्र-स''** अनुसार है।**(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-द'', ''प्रपत्र-इ'' एवं ''प्रपत्र-ई''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इकसठ"]

श्रम विभाग में संचालित योजनाओं के संबंध में

[श्रम]

49. (क्र. 422) श्रीमती छन्नी चंदू साहू : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अविभाजित राजनांदगांव जिले में वर्ष 2021-22 से 30 जून 2023 तक श्रम विभाग के अंतर्गत कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की जा रही है ? वर्ष वार,योजना के नाम सहीत जानकारी देवे? **(ख)** कंडिका "क"के अनुसार कितने श्रमिकों को किस-किस योजनाओं के माध्यम से क्या-क्या लाभ प्रदान किए गए हैं ? वर्ष वार, योजना वार श्रमिकों की जानकारी देवें?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) अविभाजित राजनांदगांव जिले में वर्ष 2021-22 से 30 जून 2023 तक श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल तथा छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित योजनाओं की मंडलवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'अ** अनुसार है। **(ख)** अविभाजित राजनांदगांव जिले में वर्ष 2021-22 से 30 जून 2023 तक मंडलों के अंतर्गत लाभांवित श्रमिकों की मंडलवार, योजनावार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-'ब', 'स' एवं 'द'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बैंसठ"]

मस्तुरी वि स क्षेत्र में सडको एंव भवनों की मरम्मत हेतु स्वीकृत राशि।
[लोक निर्माण]

50. (क्र. 424) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2021 से दिनांक तक ३० जून,2023 तक मस्तुरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन -किन नवीन सडकों एवं भवनों के निर्माण कार्य एवं पूर्व में निर्मित सडकों एवं भवनों के मरम्मत कार्य हेतु कितनी -कितनी राशि स्वीकृत की गई ? वर्षवार सड़क /भवनों के नाम सहित जानकारी देंवे ? **(ख)** प्रश्नांश "क" अनुसार स्वीकृत सडकों में से कितने की प्रशासकीय स्वीकृति जारी किया गयी ? कितने कार्य पूर्ण एवं कितने किन कारणों से अपूर्ण एवं अप्रारंभ है ? वर्षवार जानकारी देंवे। **(ग)** क्या प्रश्नांश ख के किये गए कार्यो में अनियमितता / भ्रष्टाचार की शिकायते प्राप्त हुई है ? यदि हाँ तो कंहा -कंहा से कितनी शिकायते प्राप्त हुई एवं दोषियों पर क्या -क्या कार्यवाही की गई ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरसठ"]

पदेश में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास।
[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

51. (क्र. 425) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में वर्ष 2019 से 25 जून,2023 तक कुल कितने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये गए ? वर्षवार जानकारी देंवें? **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में आवास हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए ? कितने आवास ,कितनी राशि के स्वीकृत किये गए ? कितने मकान पूर्ण एवं कितने किन कारणों से अपूर्ण / अप्रारंभ हैं ? **(ग)** प्रश्नांश "क " के स्वीकृत आवास को पूर्ण करने का लक्ष्य क्या निर्धारित था ? स्वीकृत आवास, राज्यांश एवं केन्द्रांश राशि की जानकारी वर्षवार देंवें ? **(घ)** प्रश्नंश "क " एवं "ख" के सम्बन्ध में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की कितनी शिकायते प्राप्त हुई ? दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई ? वर्षवार जानकारी देंवे ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत प्रश्नांकित अवधि में स्वीकृत आवासो की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-''अ''अनुसार है**। **(ख)** योजनांतर्गत प्रश्नांकित अवधि में प्राप्त आवेदनो, स्वीकृत आवास, स्वीकृत राशि एवं आवासो की भौतिक प्रगति की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-''अ''अनुसार है। (ग)** प्रश्नांक -''क'' के अनुसार योजनांतर्गत स्वीकृत आवासो को मिशन अवधि- दिसम्बर 2024 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित है। योजनांतर्गत स्वीकृत आवास, राज्यांश एवं केन्द्रांश राशि की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-''ब''अनुसार है।(घ)** प्रश्नांश ''क'' एवं ''ख'' के संबंध में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार से संबंधित **जानकारी संलग्न प्रपत्र-''स''अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंसठ"]

जिला राजनांदगांव एंव नवगठित जिला खैरागढ़ -छुईखदान गंड़ई में
[लोक निर्माण]

52. (क्र. 427) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अविभाजित जिला राजनांदगांव व नवीन गठित जिला खैरागढ़ -छुईखदान-गंडई के अंतर्गत सड़कों की मरम्मत संधारण ,पेंच वर्क के लिए वर्ष 2022-23, 2023-24 में कितनी राशि स्वीकृत की गई ? निर्माण कार्य किन - किन एजेंसी द्वारा किया गया है, एवं उनमें से कितनी विभाग द्वारा राशि व्यय की गई? वर्षवार , मार्गवार, मदवार, कार्य एजेंसीवार जानकारी देवे? **(ख)** कितने कार्य प्रारंभ कर पूर्ण कर लिए गए हैंऔर कितने कार्य अपूर्ण हैं? वर्षवार, मार्गवार एजेंसीवार जानकारी देवें? **(ग)** क्या सड़क, निर्माण ,मरम्मत में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो,इस हेतु जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर क्या कार्यवाही की गई है?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) (ख) एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ में संचालित उचित मूल्य की दुकानें

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

53. (क्र. 428) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ में खाद्यान्न वितरण के लिए कितनी राशन दुकानें, किन के द्वारा संचालित की जा रही हैं ? दुकानवार सूची उपलब्ध कराएं ? **(ख)** वर्ष 2022-23 से दिनांक 30 जून, 2023 तक संचालित उचित मूल्य की दुकान संचालन के संबंध में अनियमितता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? **(ग)** प्राप्त शिकायतों में कौन-कौन से अधिकारी - कर्मचारी, दुकान संचालक दोषी पाए गए अथवा नहीं ? जानकारी देवें ? प्राप्त शिकायतों में से क्या कोई जांच लंबित है ? लंबित जांच का निराकरण कब तक किया जाएगा? जानकारी देवें ?

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत कुल 178 उचित मूल्य दुकानें संचालित है, जिसमें से 69 दुकानें महिला स्व सहायता समूह द्वारा, 28 दुकानें ग्राम पंचायतों द्वारा, 71 दुकानें सेवा सहकारी समिति द्वारा, 5 दुकानें विपणन सहकारी सेवा समिति मर्यादित द्वारा एवं 5 दुकानें उपभोक्ता भंडार द्वारा संचालित किया जा रहा है। दुकानवार सूची **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)**वर्ष 2022-23 से दिनांक 30 जून 2023 तक संचालित उचित मूल्य की दुकान के संचालन के संबंध में अनियमितता की 31 शिकायतें प्राप्त हुई है।**(ग)** 5 शिकायतों में जांच उपरांत दोषी पाए गए व्यक्तियों की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। प्राप्त शिकायतों में से कोई भी जांच हेतु लंबित नहीं है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंसठ"]

अविभाजित राजनांदगांव जिले में पंजीकृत श्रम कार्ड

[श्रम]

54. (क्र. 429) श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अविभाजित राजनांदगांव जिला में कुल कितने श्रम कार्ड पंजीकृत हैं ? वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक श्रमिक कार्ड हेतु प्राप्त आवेदन में कितने पंजीकृत किए गए एवं कितने निरस्त किए गए ? इन बने कार्ड में कुल कितने श्रमिक पंजीकृत हुए हैं ? विकासखंडवार जानकारी विस्तार से देवें? **(ख)** आवेदन करने पर अथवा स्वप्रेरणा से पात्रता अनुसार वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक उपरोक्त पंजीकृत श्रमिक परिवार के कितने सदस्यों को किस प्रकार की सहायता प्रदान की गई है ? विकासखंडवार जानकारी प्रदान करें ? **(ग)** इस कार्ड के तहत पंजीकृत परिवार के सदस्यों को कौन-कौन सी प्रमुख सुविधाएं दी जाती हैं ? बताने का कष्ट करेंगे ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) अविभाजित राजनांदगांव जिला में दिनांक 30 जून 2023 तक छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 83,603 निर्माण श्रमिक तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 2,14,144 असंगठित कर्मकार पंजीकृत है। वर्ष 2020-21 से 2022-23 (31 मार्च 2023 की स्थिति में) तक पंजीयन हेतु प्राप्त आवेदन, पंजीकृत श्रमिक एवं निरस्त आवेदनों की मंडलवार तथा विकासखण्डवार जानकारी **संलग्नप्रपत्र-''अ''**अनुसार है। **(ख)** आवेदन करने पर अथवा स्वप्रेरणा से पात्रता अनुसार वर्ष 2020-21 से 2022-23 (31 मार्च 2023 की स्थिति में) तक योजनांतर्गत लाभांवित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं असंगठित कर्मकारों के परिवार के सदस्यों तथा देय लाभ की विकासखंडवार जानकारी **संलग्नप्रपत्र-''ब''**अनुसार है। **(ग)** छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत असंगठित कर्मकारों के परिवार के सदस्यों हेतु संचालित योजनाओं एवं उनके देय सुविधाओं की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-''स''** अनुसार है। **[संलग्न "परिशिष्ट - छैंसठ"]**

श्रम विभाग के अतंर्गत ईएसआईसी में दवाई क्रय का भुगतान

[श्रम]

55. (क्र. 432) श्री ननकी राम कंवर : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या श्रम विभाग के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा योजना, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत 50 अस्पताल संचालित हैं, जिसमें फ्री में इलाज एवं दवाइयां दी जाती हैं ? **(ख)** उसके संचालन हेतु राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार दवाइयाेंं के क्रय हेतु कितना बजट देती हैं ? **(ग)** क्या क्रय की कार्यवाही सेंट्रल ईएसआईसी रेट कांट्रेक्ट के तहत की जाती है ? वित्तीय वर्ष 2022-23 में किन-किन कंपनियों को, कितने-कितने रुपए का दवा का आर्डर दिया गया और किस-किस का भुगतान हो गया और किस-किस का भुगतान शेष है ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जी नहीं। कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में कुल 42 औषधालय संचालित हैं। जिनमें बीमित हितग्राहियों का फ्री में इलाज एवं दवाइयां दी जाती है। **(ख)** औषाधलयों के संचालन हेतु बजट की राशि बीमित हितग्राहियों की संख्या के आधार पर निर्धारित होती है। वर्तमान में प्रति बीमित 2600 रूपये प्रतिवर्ष सीलिंग निर्धारित है। बीमितों की संख्या के आधार पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम, मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा राशि की गणना कर राशि कर्मचारी राज्य बीमा सोसायटी के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इसी राशि में से दवाईयों का क्रय किया जाता है।**(ग)** जी हां, क्रय की कार्यवाही सेंट्रल ईएसआईसी रेट कांट्रेक्ट के तहत की जाती है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिन-जिन कंपनियों को दवा का आर्डर दिया गया एवं उसकी राशि और जिस-जिस का भुगतान हो गया और जिस-जिस का भुगतान शेष है, की जानकारी संलग्न **प्रपत्र-अ** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सड़सठ"]

संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत बजट में सम्मिलित सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति

[लोक निर्माण]

56. (क्र. 434) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जनवरी, 2019 से वर्ष 2023 में दिनांक 30 मार्च, 2023 तक संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत किन-किन सड़कों को बजट में सम्मिलित किया गया है एवं इनमें से किन-किन सड़कों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है ? **(ख)** कण्डिका 'क' में प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कौन-कौन सी सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं कौन-कौन सी सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं ? **(ग)** कण्डिका 'क' की अवधि में बजट में सम्मिलित ऐसी कौन-कौन सी सड़कें हैं, जो प्रशासकीय स्वीकृति न मिल पाने के कारण बजट से बाहर हो गई हैं ? जानकारी देवें ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) एवं (ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र-'अ' अनुसार है। (ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र-'ब' अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़सठ"]

पंजीकृत श्रमिक संजारी-बालोद वि.स. श्रेत्र में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित

[श्रम]

57. (क्र. 435) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2019 से वर्ष 2023 में दिनांक 20 जून, 2023 तक संजारी-बालोद विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने श्रमिकों का श्रम पंजीयन किया गया एवं श्रम पंजीयन के कितने प्रकरण प्रक्रियाधीन हैं? वर्षवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** कण्डिका 'क' की अवधि में कितने पंजीकृत श्रिमकों को विभाग की किन-किन योजनाओं से लाभान्वित किया गया? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क) जनवरी 2019 से वर्ष 2023 में 20 जून 2023

तक संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत श्रम विभाग के अधीन संचालित छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा 2147 निर्माण श्रमिक तथा छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा 2795 असंगठित कर्मकारों का पंजीयन किया गया है एवं उक्त दोनों मंडलों में श्रम पंजीयन हेतु कोई प्रकरण प्रक्रियाधीन नहीं है। मंडलवार, वर्षवार एवं विकासखण्डवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'अ'** अुनसार है।छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल में संगठित क्षेत्र के स्थापना के नियोक्ता द्वारा श्रम विभागीय ऑनलाईन पोर्टल में नियोजित श्रमिकों के नामों की प्रविष्टि की जाती है, जिससे श्रमिक स्वतः पंजीकृत हो जाते है। जनवरी 2019 से वर्ष 2023 में दिनांक 20 जून 2023 तक श्रमिक पंजीयन की जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'ब'** अनुसार है। श्रमिक पंजीयन के कोई भी प्रकरण प्रक्रियाधीन नहीं है। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में लाभांवित श्रमिकों की मंडलवार, विकासखण्डवार एवं योजनावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र - 'स'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनहत्तर"]

जिला जांजगीर-चाम्पा एवं जिला सक्ती में सड़कों के वार्षिक संधारण एवं मरम्मत में व्यय राशि

[लोक निर्माण]

58. (क्र. 453) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या गृह मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जांजगीर-चाम्पा एवं जिला सक्ती में वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 15 जून, 2023 तक लोक निर्माण विभाग के द्वारा किन-किन सड़कों की वार्षिक संधारण एवं मरम्मत कार्य हेतु स्वीकृति दी गई है? विकासखण्डवार, सड़कवार वर्षवार बतायें ? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के उत्तर में उपरोक्त सड़कों में कितनी-कितनी राशि स्वीकृत की गई और सड़क के वार्षिक संधारण, मरम्मत में कितनी-कितनी राशि व्यय की गई ? विगत तीन वित्तीय वर्ष का बतायें ?

गृह मंत्री (श्री ताम्रध्वज साहू) : (क) एवं **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

न. पं .जैजैपुर में प्रधानमंत्रीआवास योजना के तहत स्वीकृत डी.पी.आर.

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

59. (क्र. 454) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या नगरीय प्रशासन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** नगर पंचायत, जैजैपुर में वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में दिनांक 15 जून, 2023 तक प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कितने डी.पी.आर. स्वीकृत हुए हैं ? हितग्राहियों की संख्या, बतायें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के उत्तर में कितने को भवन अनुज्ञा जारी की जा चुकी हैं और भुगतान की स्थिति क्या है ? **(ग)** वर्तमान में कितने हितग्राहियों के भवन अनुज्ञा जारी करने हेतु शेष है? उसको कब तक जारी कर दिया जावेगा? कितने हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि देना शेष है ? बतायें?

नगरीय प्रशासन मंत्री (डॉ. शिवकुमार डहरिया) : (क),(ख) एवं (ग) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्तर"]

राजीव गांधी किसान न्याय योजना के सम्बंध में जानकारी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

60. (क्र. 465) श्री नारायण चंदेल : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में वर्ष 2018 से 2023 तक सहकारी समितियों में पंजीकृत किसानों की संख्या कितनी-कितनी रही ? कितने किसानों ने धान बेचा ? कितने किसानों के पास 3 एकड से कम, 3 से 5 एकड़ एवं 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि है, ? वर्षवार जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(ख)** प्रश्नांश 'क' के कितने किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना अंतर्गत कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई ? वर्षवार, जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें।

खाद्य मंत्री (श्री अमरजीत भगत) : (क) प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में सहकारी समितियों में पंजीकृत किसानों की संख्या, धान बेचने वाले किसानों की संख्या, 3 एकड़ से कम कृषि भूमि वाले किसान, 3 से 5 एकड़ कृषि भूमि वाले किसान एवं 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले किसानों की वर्षवार जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'अ'**अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश क अनुसार राजीव गांधी न्याय योजनांतर्गत किसानों को प्रदाय की गई राशि की वर्षवार जिलेवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'ब'** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - इकहत्तर"]

प्रपत्र – अ

नांदघाट से बलौदाबाजार मार्ग निर्माण की लागत।

पैकेज क्र.	कार्य का नाम	कार्य का निर्माण वर्ष	मद/शीर्ष	कार्य की लागत (करोड़ में)	कार्य एजेंन्सी	परफारमेंस के अंतर्गत विभाग द्वारा रोकी गई राशि (करोड़ में)	अनुबंधानुसार परफारमेंस गारंटी की अवधि जब तक राशि रोकी	विभाग द्वारा कब तक राशि रोकी गई
1	2	3	4	5	6	7	8	9
3	नांदघाट भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग	2018	76/5054–(03)–(337)–1203–(7922) छत्तीसगढ़ स्टेट रोड डेव्हलपमेन्ट सेक्टर प्रोजेक्ट	147.62	अग्रवाल इन्फ्राबिल्ड प्रा. लि. बिलासपुर	5.00	02 वर्ष	दिनांक 11.10. 2022 तक

मुख्य अभियंता (यो.)
कार्या. प्रमुख अभियंता
लो.नि.वि. नवा रायपुर
अटल नगर (छ.ग.)

अनुभाग अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, नया रायपुर (छ.ग.)

1
तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट
परिशिष्ट - एक
तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 350) की जानकारी

[20 जुलाई 2023

प्रपत्र – ब

नांदघाट से बलौदाबाजार मार्ग निर्माण की लागत।

पैकेज क्र.	कार्य का नाम	कुल लंबाई	परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत कौन–कौन से कि.मी. में कार्य कराया गया	परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत कराये गये कार्य की राशि	क्या मार्ग के निर्माण की जांच विभाग द्वारा अधिकृत संस्था से कराई गई	जांच रिपोर्ट में क्या था, तथा दोषी व्यक्ति पर क्या कार्यवाही की गई	बलौदाबाजार से नांदघाट मार्ग में कितने कि.मी. तक सड़क जर्जर है	वर्तमान में सड़क की स्थिति पूर्णतः संतोषप्रद है।
1	2	3	4	5	6	7	8	9
3	नांदघाट भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग	42.17 कि.मी.	कि.मी. 22+000 से कि.मी. 24+000 = 2.0 कि.मी. कि.मी. 34+000 से कि.मी. 36+000 = 2.0 कि.मी. कुल 4.00 कि.मी.	परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत ठेकेदार के रिस्क एवं कॉस्ट से कराया गया अतः राशि बताया जाना संभव नहीं है।	हां मार्ग निर्माण की जांच विभाग द्वारा केन्द्रीय सड़क अनुसंधान केन्द्र नई दिल्ली से कराया गया।	जांच रिपोर्ट में चैनेज 22+800 से चैनेज 37+200 के बीच कुछ स्थानों पर रटिंग पाया गया। रिपोर्ट में रटिंग को सुधार करने का लेख किया गया है। कार्य वाही करने का उल्लेख नहीं है।	मार्ग का कोई भी भाग जर्जर नहीं है एवं मार्ग गढ्ढा मुक्त है।	सड़क की स्थिति पूर्णतः संतोषप्रद है।

अनुभाग अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, नया रायपुर (छ.ग.)

मुख्य अभियंता (यो.)
कार्या. प्रमुख अभियंता
लो.नि.वि. नवा रायपुर
अटल नगर (छ.ग.)

परिशिष्ट - दो

तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्र. 419) की जानकारी

प्रपत्र–"अ"

वर्ष 2022 -23 में (01 अप्रैल 2022 से) 31 अगस्त 2022 तक लिखित शिकायत के आधार पर जिला राजनांदगांव के थानों में दर्ज प्रकरणों की जानकारी)

क्रमांक	थाना	कुल दर्ज प्रकरण	चालान	खात्मा	खारिजी	विवेचनाधीन
1	घुमका	9	8	0	0	1
2	छुरिया	6	4	1	0	1
3	डोगरगढ़	4	3	0	0	1
4	मोहगांव	1	1	0	0	0
5	ठेलकाडीह	2	0	0	0	2
6	अंबागढ़ चौकी	5	3	1	0	1
7	कोतवाली	28	25	0	0	3
8	बसंतपुर	37	32	2	0	3
9	सोमनी	1	0	1	0	0
10	सुरगी	1	1	0	0	0
11	लालबाग	3	3	0	0	0
12	डोगरगांव	3	2	0	0	1
कुल		**100**	**82**	**5**	**0**	**13**

अनुभाग अधिकारी
गृह विभाग
मंत्रालय, रायपुर

प्रपत्र–''ब''

01 सितंबर 2022 से 30 जून 2023 तक जिला-मानपुर मोहला-अंबागढ़ चौकी के						
क्रमांक	थाना	कुल दर्ज प्रकरण	चालान	खात्मा	खारिजी	विवेचनाधीन
1	मोहला	5	5	0	0	0
2	मानपुर	1	0	0	0	1
कुल योग		**6**	**5**	**0**	**0**	**1**

01 सितंबर 2022 से 30 जून 2023 तक जिला-खैरागढ़- छुईखदान - गंडई						
क्रमांक	थाना	कुल दर्ज प्रकरण	चालान	खात्मा	खारिजी	विवेचनाधीन
1	गातापार	6	6	0	0	0
2	बकरकट्टा	1	1	0	0	0
3	साल्हेवारा	1	1	0	0	0
4	गंडई	7	3	0	0	4
5	मोहगांव	3	3	0	0	0
6	खैरागढ़	15	8	0	0	7
7	छुईखदान	3	3	0	0	0
8	ठेलकाडीह	1	0	0	0	1
कुल योग		**37**	**32**	**0**	**0**	**5**

अनुभाग अधिकारी
गृह विभाग
संचालय, रायपुर

प्रपत्र–"अ"

विधानसभा क्षेत्र लोरमी के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग मुंगेली संभाग में मरम्मत योग्य सड़क

क्र.	वर्ष 2020 वर्ष 2021 वर्ष 2022	विधानसभा क्षेत्र	संधारण मरम्मत किए गए सड़क का नाम	लागत राशि (लाख में)	मरम्मत कब तक की जावेगी
1	2	3	4	5	6
1	2020	लोरमी	वर्ष 2020–21 में लोरमी उपसंभाग में त्वरित मरम्मत अंतर्गत मुंगेली लोरमी मार्ग डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	16.85	कार्य पूर्ण
2	2020	लोरमी	वर्ष 2020–21 में लोरमी उपसंभाग में त्वरित मरम्मत अंतर्गत कोटा लोरमी मार्ग डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	12.77	कार्य पूर्ण
3	2020	लोरमी	वर्ष 2020–21 में लोरमी उपसंभाग में त्वरित मरम्मत अंतर्गत बोड़तरा बोधापारा मार्ग डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	8.35	कार्य पूर्ण
4	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत फुलवारी घाटापानी खपरी खुर्द मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	8.50	कार्य पूर्ण
5	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत सारधा झझपुरी मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	3.00	कार्य पूर्ण
6	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत डोंगरिया घोरबंधा मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	7.38	कार्य पूर्ण
7	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत बोड़तरा सिलतरा मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	10.15	कार्य पूर्ण
8	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत बोड़तरा बोधापारा परसाकांपा लालपुर में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	8.35	कार्य पूर्ण

अनुभाग अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, अटल नगर, रायपुर

क्र.	वर्ष 2020 वर्ष 2021 वर्ष 2022	विधानसभा क्षेत्र	संधारण मरम्मत किए गए सड़क का नाम	लागत राशि (लाख में)	मरम्मत कब तक की जावेगी
1	2	3	4	5	6
9	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग खाम्ही अखरार खुड़िया मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	12.50	कार्य पूर्ण
10	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग बोड़तरा पथर्रा राम्हेपुर मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	6.24	कार्य पूर्ण
11	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत मुंगेली लोरमी मार्ग से भुण्डूनवापारा मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	5.50	कार्य पूर्ण
12	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत मोहतरा तेली मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	5.00	कार्य पूर्ण
13	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत तेलियापुरान दादनकापा में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	3.25	कार्य पूर्ण
14	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत नवागांव बिठलदह मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	2.63	कार्य पूर्ण
15	2020	लोरमी	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत विचारपुर हनुमान मंदिर मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य	1.20	कार्य पूर्ण
